CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025   मेरठ संस्करण: वर्ष 19   अंक 116   पृष्ठ 12   मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com   आश्विन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082   3 रबी उल सानी1447 हिजरी   नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें माता-पिता: आनंदीबेन पेज 2



वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल बने कप्तान खेल टाइम्स



फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी सम्पादकीय



यूएन में ट्रिपल तोड़फोड़ का शिकार हुआ: ट्रम्प पेज 12

## भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बना भारत
- मिसाइल दो हजार किमी तक की मारक क्षमता और कई उन्नत सुविधाओं से लैस

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लॉन्चर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

- केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वायुसेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं। वायुसेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायुसेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जाएंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जाएगी। इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे।

## धर्मेंद्र प्रधान बने बिहार के चुनाव प्रभारी, भूपेंद्र को प. बंगाल की कमान

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बना दिया है। दूसरी ओर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद बैजयंत पांडा को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने तीन प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारियों की घोषणा की है। इसके तहत नवम्बर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सांसद बिप्लव देव को पश्चिम बंगाल का सहप्रभारी बनाया गया है।

## भारत, केन्या व अमेरिका के तीन उद्यमियों को UNEP का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिए युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जाएगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे। श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है।

## जारी रहेंगे GST में सुधार: मोदी

### अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: भारत और उप्र निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त व आकर्षक जगह**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



गौतम बुद्धनगर: ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025' के उद्घाटन के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री योगी द्वारा पीएम मोदी को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया।

याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि केवल कठोर दंड से इस समस्या (महिलाओं के खिलाफ अपराध) पर अंकुश नहीं लगा है। याचिका में निवारक उपायों तथा व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसमें यौन अपराधों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो प्रावधानों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बलात्कार के प्रति शून्य सहानुभूति और सभी लिंगों के लिए समान सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2025 में ऐसे अपराधों के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्कूलों के अलावा अशिक्षित और स्कूल छोड़ चुके लोगों को शामिल करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर बुधवार को सभी राज्यों के अधिवक्ता उपस्थित थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्यों से पूछा कि क्या आपने प्रार्थनाओं (याचिका में की गई) का अध्ययन कर लिया है? इस पर राज्यों सरकारों की ओर से पेश वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया।

### उप्र में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

## लद्दाख हिंसा पर बोला केंद्र: वांगचुक ने लोगों को भड़काया

- हालात काबू करने के प्रयास की जगह अपने घर चले गए वांगचुक

**लेह।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।

गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा कि वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा कि कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।

## मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

- बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का नया नियम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

## इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी मामले में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटेवाला की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया, वहीं इरफान सोलंकी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अपना पक्ष रखा। सोलंकी के वकील का कहना था कि इसी प्रकरण में अन्य सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, इसलिए इनके वादियों को भी समानता के सिद्धांत के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC)   • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर   • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज:
• रेफरेन   • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट   • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## सोनिया गांधी ने फलस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने सरकार की नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है।

मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फलस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रुख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है। उन्होंने लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फलस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्री जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इस नाते वह फ़िलहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितम्बर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### योगी ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने कहा है कि दीनदयाल जी का 'अंत्योदय दर्शन' आज भी वंचितों के उत्थान हेतु पथ-प्रदर्शक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा है कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

# बेटियों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें माता-पिता:आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 5100 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में बोलीं राज्यपाल पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। गुरुवार को नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रेरणा संस्था के सहयोग से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं संचालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली गंदगी और नकारात्मकता से बेटियों को बचाना है। उन्हें संस्कारित और शिक्षित बनाकर ही हम उत्तम नागरिक तैयार कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने कृष्ण कुब्जा मंदिर में किए दर्शन



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह करीब सवा 10 बजे स्पेशल ट्रेन से धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचीं। वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उनका शाहनाई की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में साधु-संतों के साथ मुलाकात की और श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद निधि भवन में 500 मीटर की परिक्रमा की। वृंदावन में निर्धारित कार्यक्रम पूर्ण करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला मथुरा श्री कृष्ण कुब्जा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचा। यहां राष्ट्रपति ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया।

# ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है।

खंडपीठ ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितम्बर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई।

# आई लव मोहम्मद पर बोले रजवी: हिंसा व विरोध गलत

शाह टाइम्स संवाददाता



■ विवाद पर मौलाना का साफ संदेश

**बरेली।** देशभर में आई लव मोहम्मद को लेकर हो रहे विरोध और विवाद पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद से मोहब्बत करना हर मुसलमान का ईमान और अकीदा है, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल करना सबसे अहम है।

मौलाना ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों से न टकराव किया, न विवाद, बल्कि हमेशा समझौते का रास्ता अपनाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सुलह-ए-हुदैबिया है, जो इस्लामी इतिहास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत का इजहार सड़कों पर हुड़दंग मचाकर, धरना-प्रदर्शन कर, पुलिस से टकराकर या गैर-मुसलमानों से भिड़कर नहीं किया जा सकता। दुकानों में तोड़फोड़ और हिंसा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। पैगंबर ने फरमाया-अच्छा मुसलमान वही ह, जिसके हाथ, पैर और जबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे। मौलाना ने यह भी कहा कि मोहब्बत का इजहार करने का सबसे अच्छा तरीका सीरत-उल-नबी के जलसे करना, मस्जिदों और मदरसों में उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डालना और खुद की व परिवार की जिंदगी को उनके बताए रास्ते पर चलाना है।

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा: अखिलेश

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति लागू होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नोएडा से जुड़े मुद्दे पर पत्रकारों से बोले सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को नोएडा से जुड़े मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि दिल्ली से सटे इस इलाके में कारोबारी और निवेशक तो आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन पर ये कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार षड्यंत्र और दबाव बनाकर किसानों से ज़मीन ले रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर किसानों को सर्किल रेट से अधिक मुआवजा मिलेगा और नोएडा से लखनऊ तक बेहतर सड़कें बनाई जाएंगी। गुरुवार को बसपा व अपना दल एस के कई नेता व समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब अमेरिका टैरिफ लगा रहा है और भारतीय कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ओडीओपी को बचाने के लिए सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इस पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर नेताजी और डा. लोहिया की 'दाम बांधो' नीति लागू की जाएगी, ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, उन्हीं से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वहां अपराधी, बीजेपी और पुलिस मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं। पुलिस खुद किडनैपिंग कर रही है और फिरौती मांग रही है।

### आजम से मिलने आठ को अखिलेश जाएंगे रामपुर



**लखनऊ।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

नौ अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिए मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि बसपा में जाने के सवाल को अखिलेश यादव व आजम खान दोनों नेता नकार चुके हैं। गौरतलब है कि आजम खान के बसपा में जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं। समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। जबकि आजम खान ने कहा है कि 23 माह वो जेल में बंद रहे, उनकी किसी से मुलाकात नही हुई है और न ही जेल के अंदर मोबाइल की सुविधा थी कि बात हो सके।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ। पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 9 सितम्बर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं। चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। रियलिटी, आईटी, फार्मा, ऑटो, वित्तीय सेवा और स्वास्थ्य सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों में कोई सकारात्मक घोषणा न होने से निराशा हाथ लगी है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.19 प्रतिशत और पावर ग्रिड का 3.05 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.71 फीसदी और टीसीएस में 2.50 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीस, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर भी डेढ़ से ढाई प्रतिशत के बीच लुढ़क गए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में 2.05 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.57 फीसदी उतर गया। अधिकतर विदेशी बाजार भी गिरावट में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं जापान का निक्केई 0.27 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत नीचे थे।

### नवरात्र के चौथे दिन अचानक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार 25 सितंबर 2025 शारदीय नवरात्र के चौथे दिन सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे सोना-चांदी के खरीदार काफी खुश है। कल यानी बुधवार के मुकाबले गोल्ड रेट 600 रुपये तक कम हुआ है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,500 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मुंबई और कोलकाता जैसे मुख्य शहरों में गोल्ड रेट 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पास है। चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति केजी है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,15,510 रुपये, मुंबई में1,15,360, चेन्नई में 1,15,630, कोलकाता में 1,15,360, बेंगलुरु में 1,13,510 और हैदराबाद में 1,15,360 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 1,39,900 , बेंगलुरु में 1,42,700, चेन्नई में 1,49,900 और जयपुर में 1,44,097 रुपये प्रतिकिलोग्राम रही। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।

# दिल्ली में भारत मंडपम में ताइवान एक्सपो इंडिया का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रौद्योगिकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में गुरुवार को तीन दिवसीय ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र की कई कंपनियों ने भारत में व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है।

इस प्रदर्शनी में 107 ताइवानी कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें फॉक्सकॉन, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांटेक आदि शामिल हैं। यहां ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ताइवान एक्सीलेंस (टीई) का एक विशेष ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन भी है। इस पवेलियन का उद्घाटन ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के चेयरमैन जेम्स सी-एफ- हुआंग ने किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में आईटीसी, स्मार्ट लिविंग, हेल्थकेयर, आधुनिक गैजेट्स, और औद्योगिक समाधानों में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं। टोयो रोबोटिक्स के स्टॉल में इलेक्ट्रिक एक्चुएटर बनाने वाली मशीन का भी प्रदर्शन किया गया है। इस साल ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें एडवांटेक, एएमए फैन्स, एवर, बीनबॉन, किमेई मोटर, साइप्रेस, आईबेस, आईपेवो, केंडा, लॉरिक, मैक्रोहाई, मेकॉम, माइक्रोबेस, एमएसआई, फिसन, प्रोसेन्ड, टीमग्रुप, टोयो, ट्रंसेन्ड, विंक्सपर, जेड-कॉम, और ज़ाइक्सेल प्रमुख हैं। इनमें से कई भारत में पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ताइवानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, स्मार्ट सिटी, और आईसीटी में तेजी से विकास ताइवान की विशेषज्ञता और प्राथमिकताओं से मजबूती से मेल खाता है।

## पत्र वायरल होने पर भाजपा विधायक बोले, कैसे लीक हुआ करेंगे, जांच की मांग

**लखनऊ।** कासगंज सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया पत्र वायरल हो गया है। पत्र वायरल होने के बाद स्वयं के द्वारा लिखा होने की पुष्टि लड़ते हुए विधायक ने कहा है कि पत्र कैसे लीक हुआ, इसके जांच की मांग वो मुख्यमंत्री से करेंगे। दरअसल पिछले दिनों शिक्षा विभाग में एक मामले को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भ्रष्टाचार का मुद्दा बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जांच कराने की मांग की थी। पत्र में भाजपा विधायक ने लिखा है कि कासगंज के बिलराम में स्थित सरदार भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में निरन्तर पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। प्रार्थी के विद्यालय के माह मार्च 2011 से विद्यालय का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा तीन माह के अन्दर एरियर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बाबू अजय शंकर द्वारा रूपए 25 लाख की मांग की गई। जिसमें से प्रार्थी द्वारा 10 लाख रूपए की वसूली भी की गई है एवं वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया। परन्तु बकाया धनराशि मांग के लिए लगातार शिक्षा निदेशक द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। अपितु विद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दे रहे हैं।

# खड़गे-थरूर ने फलस्तीन के समर्थन में सोनिया के लेख को सटीक टिप्पणी बताया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता शशि थरूर ने फलस्तीन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में छपे लेख में की गई टिप्पणियों को सटीक बताते हुए कहा है कि यह दोस्ती निभाने का समय नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत को फलस्तीन के मुद्दे पर अपनी क्षमता तथा नेतृत्व का परिचय देना होगा। श्रीमती गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख के अंश उद्धृत करते हुए खड़गे ने उनके विचारों से सहमति जताई और कहा कि फलस्तीन में मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा है और मोदी सरकार को इसको लेकर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता से नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी की फलस्तीन के नागरिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कोई संवेदना नहीं है और वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से दोस्ती निभाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार गांधी ने अपने लेख में कहा कि फलस्तीन में मानवीय संकट पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी मानवता तथा नैतिकता के खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कार्रवाई मुख्यत: भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इजराइली प्रधानमंत्री और मोदी के बीच व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित है। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और न ही यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक हो सकती है। विश्व मंच पर भारत की स्थिति किसी व्यक्ति के निजी गौरव-प्राप्ति के तरीकों तक सीमित नहीं हो सकती, न ही वह अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर निर्भर हो सकती है। इसके लिए साहस और ऐतिहासिक निरंतरता की भावना की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फ़िलिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी नैतिक और सभ्यतागत विरासत की परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फिलिस्तीन के लोगों ने दशकों तक विस्थापन, लंबे समय तक कब्ज़ा, बस्तियों के विस्तार, आवाजाही पर प्रतिबंधों और नागरिक, राजनीतिक और मानवाधिकारों पर बार-बार हमलों को सहन किया है। उनकी दुर्दशा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत द्वारा झेले गए संघर्षों की याद दिलाती है- एक ऐसा देश जिसे अपनी संप्रभुता तथा राष्ट्रीयता से वंचित कर अपने संसाधनों के लिए शोषित किया गया और सभी अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित रखा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सम्राट मिहिर भोज के लिए गुर्जर समाज हर कीमत चुकाने को तैयार: चंद्रशेखर

## बोले जेल में बंद युवाओ कि नहीं हुई रिहाई तो करेंगे बड़ा आंदोलन

### आजाद ने भाजपा सरकार पर लगाया जातिवाद का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, मेरठ पहुंचे यहां पर वे मेरठ जेल में बंद गुर्जर समाज के युवाओं से मिलने के लिए आए थे। इसी के साथ-साथ वह सलावा प्रकरण में बंद मुस्लिम समाज के लोगों से भी जेल में मिलना चाह रहे थे लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें अनुमति नहीं दी। मेरठ पहुंचे चंद्रशेखर आजाद को पहले तो नगीना में ही रोकने का प्रयास किया गया कई थानों की फोर्स उनके आवास पर लगाई गई लेकिन वह फिर भी मेरठ पहुंचे मेरठ में भी कई जगह बैरिकेटिंग का उन्हें सामना करना पड़ा और खुद गाड़ी से उतर कर बेरीकेटेड हटाए तब जाकर वह मेरठ जिला जेल पर पहुंचे, लेकिन जेल प्रशासन ने उन्हें मिलने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद ने साफ कह दिया की जो भी गुर्जर समाज के युवाओं के साथ हुआ है वह बहुत गलत है गुर्जर समाज बड़ा स्वाभिमानी है वह मान मर्यादा और इज्जत के लिए कुछ भी कर सकता हैं गुर्जर समाज से उनका पुराना नाता है।

### सम्राट मिहिर भोज राजपूत या गुर्जर सुप्रीम कोर्ट में हो फैसला

चंद्रशेखर आजाद ने जिला जेल पर प्रेस वार्ता करते हुए सम्राट मिहिर भोज को लेकर बहुत बड़ी बात कही है उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज सम्राट मिहिर भोज को अपना आदर्श मानते हैं और अब राजपूत समाज भी उन पर अपना अधिकार जमा रहा है ऐसे में इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में जाना चाहिए सुप्रीम कोर्ट सत्यापित करें की सम्राट मिहिर भोज राजपूत थे या गुर्जर उन्होंने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में होना चाहिए।

### आजम खान से राजनीतिक नहीं पारिवारिक रिश्ता

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजम खान से उनके राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवा. रिक रिश्ते हैं उन्होंने फोन पर उनका हाल-चाल जाना है और आजम खान ने चंद्रशेखर आजाद से कहा कि वह अपनी लड़ाई कैसी लड़ रहे हैं चंद्रशेखर ने साफ कहा कि वह जल्द उनसे मिलने जाएंगे।

### चंद्रशेखर के साथ रहे शाहजेब रिजवी

मेरठ पहुंचे चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने जगह-जगह रोकने का प्रयास किया लेकिन उनकी मेरठ टीम के नेता शाहजेब रिजवी उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए दिखाई दिए कई जगह उन्होंने भी बेरीकेटिंग हटाकर अपने नेता के साथ काफी लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया। इस बीच पुलिसबल तैनात था।

## सुभारती विवि में शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियां आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में हाल ही में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें अतिथि व्याख्यान से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक की पहले शामिल थीं। इन आयोजनों ने जहां एक ओर विद्यार्थियों को अकादमिक रूप से समृद्ध किया, वहीं दूसरी ओर समुदाय के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा न्यूजरूम से लिविंग रूम तक विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रसिद्ध टीवी न्यूज एंकर राजेंद्र देव शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आरपी सिंह ने किया।

## भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी मामले में पत्रकार प्रेस क्लब ने कप्तान से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रेस क्लब के घोषित अध्यक्ष की ओर से गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा गया। शिकायत में कहा गया है कि प्रेस क्लब से जुड़े सदस्यों के व्हाट्सएप ग्रुप मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब में 22 सितम्बर को मोबाइल नंबर 7599297325 से भगवान शिव पर अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त पोस्ट में भगवान भोलेनाथ के खिलाफ गाली-गलौज व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है। साथ ही पोस्ट द्वारा समाज में साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया। पत्रकार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मांग की है कि मोबाइल नंबर से पोस्ट करने वाले आरोपी की पहचान की जाए और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा: किठौर में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

## 50 शैय्या अस्पताल में लगे शिविर में बीजेपी कार्यकर्ता हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को किठौर मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। किठौर नहर के पास स्थित 50 शैय्या अस्पताल में लगे इस शि. विर में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अशोक त्यागी मौजूद रहे। वहीं किठौर मंडल अध्यक्ष अनुज नागर और मंडल महामंत्री विक्रांत त्यागी ने शिविर का संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, संदीप त्यागी, नंदू वाल्मीकि, बिलाल अहमद, जावेद खान, मतीन मुखिया, कैपी, अर्चना, गंगा, प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत समाजसेवा और मानव कल्याण से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर का उद्देश्य मरीजों की जान बचाने के लिए पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## एक नजर

### टाटा पावर ने गाजियाबाद में EZ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा पावर ने गाजियाबाद में अपने नवाचारी EZ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस का लॉन्च किया। यह तकनीक और स्थिरता के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बदलने की दिशा में एक और कदम है। शहर के अपने EZ होम एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ, निवासी अब स्मार्ट होम सॉल्यूशंस की श्रृंखला का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं, जो आधुनिक जीवन को सरल, किफायती, सुलभ और सतत् बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह नया एक्सपीरियंस सेंटर निवासियों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेगा, जहां वे इन अत्याधुनिक समाधानों को समझ सकते हैं, उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार कस्टमाइज कर सकते हैं और अपनाने का अनुभव ले सकते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने शुरू किया ओला सेलिब्रेट्स इंडिया कैंपेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया शुरू किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने ओला मुहूर्त महोत्सव पेश किया है, जिसमें एस1 स्कूटर्स और रोडस्टर एक्स मोटर साइकिलें अब पहले कभी न देखे गए दामों पर उपलब्ध होंगी, जिसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए रखी गई है। यह ऑफर 23 सितंबर से 9 दिनों तक जारी रहेगा। इस महोत्सव में एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स 2.5 केडब्ल्यूएच की कीमत 49,999 रुपए रखी गई है, जबकि एस1 प्रो प्लस 5.2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स प्लस 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत 99,999 रुपए है। दोनों ही मॉडल्स में 4680 भारत सेल बैटरी पैक दिए गए हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया के जरिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुंच को एक साथ ला रहे हैं, जो इस फेस्टिव सीजन की भावना के साथ बखूबी मेल खाती है।

### दादरी पंचायत प्रकरण पर आज होगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** संयुक्त गुर्जर परिसंघ की कार्यकारिणी व समाज के जिम्मेदार सदस्यों के साथ गुरुवार को एक बैठक गंगानगर में हुई। जिसमें संगठन के संयोजक सभी सदस्यों ने दादरी पंचायत प्रकरण की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा इस घटना से गुर्जर समाज का बहुत नुकसान हुआ है। दादरी-पंचायत प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और गिरफ्तार कर जेल भेजे गए सभी निर्दोष लोगों को शीघ्र रिहा कराए जाने के लिए शुक्रवार को मेरठ कमिश्नरी पर संयुक्त गुर्जर परिसंघ मेरठ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से अपने सामाजिक मुद्दों के उचित समाधान के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भोपाल सिंह गुर्जर, वीरेंद्र कुमार गुर्जर, इजि. जगद. ीश पुट्ठा, जितेंद्र ठेकेदार, नवाब सिंह लखवाया, गुलवीर सिंह, डॉ. आदित्य लिसाड़ी, ललित गुर्जर गूमि, सुमित प्रधान, प्रवीण प्रधान, डॉ. दीपक मोरल, अश्वनी गुर्जर, गीरेंद्र प्रधान, सुभाष आदि लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद कर मनाई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक सभागार में भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को याद किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। गणमान्य लोगों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनवीर, बूथ अध्यक्ष आनंद, संयोजक राहुल शर्मा, युवा भाजपा नेता अंकित त्यागी तथा क्षेत्र व मंडल के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नीलकमल हॉस्पिटल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नीलकमल हॉस्पिटल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। मैक्स शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. अनादी पचौरी और डॉ. अमन रस्तोगी ने नीलकमल हॉस्पिटल, के डायरेक्टर डॉ. अनिप रस्तोगी के साथ मिलकर किया। डॉ. अनादी और डॉ. अमन हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राथमिक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। डॉ. अनादी पचौरी ने कहा, कैंसर के उपचार में सर्जरी एक अहम स्तंभ है, खासकर जब रोग की पहचान शुरुआती अवस्था में हो और वह एक ही हिस्से तक सीमित हो। ऐसे मामलों में ट्यूमर को हटाना अक्सर इलाज का बेहतर विकल्प साबित होता है।

## आईएमए भवन में हुआ विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन मेरठ द्वारा आईएमए भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलेभर से बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट एवं वरिष्ठ चिकित्सक इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने फार्मासिस्ट को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों के बिना स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने की और संचालन मंत्री शकील अहमद ने किया। गीतकार दिनेश जोशी ने गीतों से माहौल को जीवंत किया, वहीं पिंकी लोमस ने लोकगीत प्रस्तुत कर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान रजनीश कौशल, गजेन्द्र सिंह, पी.एन. डंगवाल, आशीष कुमार आदि रहे।

# 156 घंटे सफाई अभियान का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गुरुवार सुबह शासन के आदेशों के अनुपालन में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के नेतृत्व में ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड नंबर 1, मौहल्ला जोगियान काले सिंह रोड निकट पेयजज पम्प नंबर 3 पर एवं इसी वार्ड में स्थित भूमिया माता मन्दिर पर एक दिन एक घंटा एक साथ का विशेष सफाई सम्बन्धित श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं 156 घंटे सतत् महासफाई अभियान का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें चेयरमैन व सभासद गणों तथा नागरिकों ने एक घंटा विशेष सफाई कर श्रमदान किया। चेयरमैन ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शासन के आद. ेशानुसार स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर में क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता लक्षित ईकाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, श्रमदान आदि कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नगर में 156 घंटे का सतत् सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। चेयरमैन ने नगरवासियों से अपील की कि अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने में सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, तभी हम स्वस्थ्य भारत और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे। सभी नगर वासी इस अभियान में जुड़कर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए श्रमदान अवश्य करें एवं स्वस्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें। स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है। इस मौके पर निकाय के समस्त सभासदगण, गणमान्य व्यक्ति, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामलीला में कैकयी ने राजा दशरथ से मांगे दो वरदान

# परीक्षितगढ़ रामलीला में राम को 14 वर्ष का वनवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही श्री रामलीला में राजा दशरथ से कैकई ने देव असुर संग्राम में दिए गए दो वरदान पूरे करने के लिए राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को राज्य देने की बात कही, जिसे सुनकर दशरथ विह्वल हो धरती पर गिर पड़े खूब मिन्नते की पर कैकई टस से मस नहीं हुई और राम ने पिता की पीड़ा को समझा और वन गमन के लिए प्रस्थान करते है। प्रजा का रो रोकर बुरा हाल है और श्री राम लक्ष्मण सीता सहित वन को प्रस्थान करते है, और गंगा किनारे पहुंचते है जहां केवट श्री राम को गंगा पार कराते है गांधारी सरोवर पर केवट के रूप में योगेन्द्र शर्मा ने राम जी की सेवा की। वहीं रामलीला कर रहे कलाकारों की सभी ने प्रशंसा की है। इस अवसर पर पं. श्याम दत्त शर्मा, विष्णु अवतार रूहेला, विकल नागर, महेश त्यागी, विद्या भूषण गर्ग, राम अवतार नागर, भरत अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अभिषेक गर्ग, सुनील शर्मा भूरे, राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सम्राट मिहिर सिंह गुर्जर समाज के असली नायक: संयुक्त गुर्जर परिसंघ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सम्राट मिहिर भोज को जातिगत विवाद अब काफी गहराता हुआ दिख रहा हैं। दादरी के गांव कपसाड़ में होर्डिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक जंग में बदल गया है। दादरी में गुर्जर समाज के युवाओं ने पंचायत बुलाई इसके बाद पुलिस के साथ हुई नोक झोक में गुर्जर समाज के युवाओं को जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा अब गुर्जर समाज सरकार कि इस कार्यवाही के खिलाफ लाम बंद होता हुआ दिखाई दे रहा है। गुरुवार को संयुक्त गुर्जर परिसंघ ने एक मीटिंग जानी ब्लॉक के गांव पांचली में समाज सेवी भोपाल सिंह गुर्जर के आवास पर हुई। जिसमें गुर्जर समाज के लोगों ने कहा कि सरकार गुर्जर समाज के खिलाफ बड़ी नीति पर काम कर रही है। सम्राट मिहिर भोज की पहचान मिटाने का जो सरकार ने कदम उठाया है उसका हम विरोध करते हैं और सम्राट मिहिर सिंह भोज केवल गुर्जर समाज के ही नहीं बल्कि भारतभुमी के गौरवशाली थे लंबे समय तक अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक लड़े है सभी ने एक आवाज में दादरी महापंचायत में गिरफ्तार किए गए गुर्जर समाज के युवाओं को छोड़ने की मांग उठाई और कहा कि अगर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो गुर्जर समाज किसी भी तरह पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान जगदीश, नरेंद्र कुमार, सुमित प्रधान, प्रवीण प्रधान, जितेंद्र प्रधान, अमरपाल, नवाब सिंह लखवाया, ललित गुर्जर, आदित्य गुर्जर, विनोद कुमार, दीपक, भारत वीर गुर्जर, गजेंद्र नागर राजदीप, आदेश प्रधान, गुरदीप आदि मौजूद रहे।

## एसबीआई कार्ड और इंडिगो के बीच हुई साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवार्ड्स के साथ फायदेमंद अनुभव मिल सके। इस कार्ड के ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सभी सेवाओं के साथ-साथ होटल और ट्रैवल बु. कंग सहित दूसरी श्रेणियों में किए गए सभी खर्चों पर रिवॉर्ड्स मिलेंगे।

## माछरा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** माछरा ब्लॉक सभागार में सेवा पखवाड़ा 2025 स्वस्थ नारी सशक्त परिवार व मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. हिमानी अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पांन्सरशिप योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, विभिन्न योजनाओं के बारें विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा निराश्रित महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जा रहा हैं, जिन महिलाओं को ससुराल पक्ष के द्वारा रात के लिए घरों से बाहर निकाल दिया जाता है उनके रहने, खाने-पीने की नि:शुल्क व्यवस्था वन स्टॉप सेंटर में है। महिलाएं हैल्पलाईन नम्बर पर फोन करके सहायता ले सकती है। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। सब इंस्पेक्टर किरन द्वारा महिला को मिशन शक्ति की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर एक केन्द्र खोला जा रहा है। जिला मिशन समन्वयक, खुशबू शर्मा द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर करीना, चक्रवीर सिंह बाल विकास प्रयोजना अधिकारी, खुशबू शर्मा जिला मिशन समन्वयक, मो. इमरान जेंडर स्पेशलिस्ट, सुधा रानी स्टाफ नर्स वन स्टॉप सेंटर मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत लिसाड़ी रोड़ पर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। वहीं मौजूद सदस्यों ने बताया कि हम सब को मिलकर एक पेड़ लगाया चाहिये। इस दौरान यूनुस सैफी, शादाब कुरैशी, सादिक सैफी, शादाब सैफी, परवेज सैफी आदि उपस्थित रहे।

# बी.एल. एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दौराला मार्ग पर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के निकट स्थित बी.एल. एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य स्वेता सागर, शिक्षिका सुम्बुल सैफी, वर्षा सिंह, नीरज पुंडीर, जेलस पुंडीर, बृजेश कुमार, विशाल समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और हरित पर्यावरण की जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर प्रिंसिपल ने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम ने अधिकारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति की बैठक आहूत की गई। डीएम ने नमामि गंगे यूनिट जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि वे काली नदी में गिर रहे नालों का ड्रोन सर्वे कराकर उसकी रिपोर्ट जिला गंगा समिति को शीघ्रता से उपलब्ध करायें। नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ को निर्देश दिये कि वे स्वयं काली नदी की स्वच्छता हेतु आबू नाला–01 पर प्रस्तावित 65 एमएलडी एसटीपी प्लांट के निर्माण हेतु स्थान को चिन्हित करने के लिए स्वयं कन्टोनमेन्ट बोर्ड से समन्वय



स्थापित करते हुए उसकी रिपोर्ट जिला गंगा समिति को प्रस्तुत करें। काली नदी के पुनरूद्वार हेतु ग्राम्य विकास, पंचायतीराज विभाग तथा जिला विकास अधिकारी संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से 10 दिनों में जिला गंगा समिति को उपलब्ध करायें। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत डीएम द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये काली नदी के किनारे गिर रहे ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु नगर पालिका सरधना से समन्वय करते हुए उसी प्रकार की मशीन क्रय कर निस्तारण करें। जनजागरूकता का कार्यक्रम गंगा, हिडन काली नदी के किनारे अधिक से अधिक कराये जाएं। काली नदी के ऊपर 15 दिन पश्चात अगली बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिये गये। डीपीआरओ को निर्देश दिये गये कि ग्रामीण चौपाल का गठन निर्धारित प्रारूप पर कराकर वन विभाग को उसकी सूचना उपलब्ध कराये। उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण द्वारा मानकों के अनुसार पटाखों पर कार्यवाही करायी जाए।

बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत आने वाले 50–50 कन्या विद्यालयों को मिशन शक्ति के अन्तर्गत जोड़ने हेतु कार्ययोजना वन विभाग द्वारा तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेगा। जिले के समस्त कस्तूरबा विद्यालय में वन विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कराये जाए। जिन विभागों का 100 प्रतिशत अथवा बहुत खराब स्थिति है उनको 10 दिनों मे पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है तथा मुख्य विकास अधिकारी इसकी समीक्षा करते हुए 10 दिन बाद ऐसे विभाग के नोडल अधिकारियों का वेतन रोकने की कार्यवाही करायें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, डीएफओ वंदना फोगाट, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# अब ग्राम भदौरा में विधायक गुलाम मोहम्मद ने किया सीसी रोड का उद्घाटन

**■ सांसद राजकुमार सांगवान सहित कई विधायक रहे मौजूद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को सिवाल खास विधानसभा के भदौरा मे विधायक गुलाम मोहम्मद ने 10 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ बागपत सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान, बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, सुनील रोहटा, जिलाध्यक्ष मतलब गौड़ मुख्य रूप से मौजूद रहे। ग्राम भदौरा में उद्घाटन के दौरान वीआईपीओ का जमावड़ा रहा। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने विधायक गुलाम मोहम्मद का आभार व्यक्त है और कहा कि विधायक गुलाम मोहम्मद



बिना भेदभाव के अपनी विधायक निधि से सभी जगह विकास कार्य कर रहे हैं आने वाले समय में भी सर्व समाज विधायक गुलाम मोहम्मद को फिर से सिवाल खास का विधायक बनाएगा। रात के समय में भी विधायक गुलाम मोहम्मद क्षेत्र की जनता के बीच रहे यह बात भी जनता के बीच चर्चा का विषय बनी रही। अक्सर विधायक गुलाम मोहम्मद रात को भी जनता की समस्या सुनते और उनके सुख–दुख में शामिल होने के लिए पहुंच जाते हैं उनकी इस बात की वजह से क्षेत्र की जनता उन्हें बार–बार क्षेत्र का विधायक बनाने के लिए प्रेरित करती है।

# ईओडब्ल्यू सेक्टर मेरठ की टीम ने फरीदाबाद से पकड़ा फरार आरोपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन, मेरठ सेक्टर द्वारा मु.अ.सं.–1943/16 की धारा–420, 467, 468, 471, 504, 506, 120बी भादवि व 13 (1) सी 13(2)/8 भ्र. नि. अधिनियम, थाना विजय नगर की विवेचना मे गाजियाबाद से वांछित चल रहे अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र युवराज सिंह निवासी 447 सेक्टर–17, को फरीदाबाद (हरियाणा) से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

आपको बता दें कि गाजियाबाद में बालाजी हाइटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से लोगों को ठगने वाले और बालाजी हाईटेक में घर देने के नाम पर पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर के साथ सेटिंग लोगों से ठगी करने वाला सचिन दत्त तथा उसके सहयोगियों द्वारा इस फर्म के अन्तर्गत फोस्टर हाइट्स हाउसिंग सोसाइटी, क्रासिंग रिपब्लिक (गाजियाबाद) में भोले–भाले ग्राहकों को सस्ते फ्लैट बनाकर विक्रय करने व अन्य लोक लुभावन वायदे करके निर्माणाधीन 180 फ्लैटों में से अधिकांश फ्लैटों में से एक ही फ्लैट को 02 या अधिक क्रेताओं को आंवटन पत्र जारी किये गये। इसके लिए इनके द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों की विभिन्न शाखाओं से बैंक कर्मियों की मिलीभगत करके ऋण स्वीकृत कराकर श्री बालाजी हाइटेक कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. के खातों में ट्रांजेक्शन कराकर ऋण धनराशि को हड़पने का भी अपराध किया गया जिसको लेकर पीड़ित क्रेताओं द्वारा सम्बन्धित थाना विजय नगर गाजियाबाद पर कई अभियोग पंजीकृत कराये गये। जिनमें से 19 अभियोगों की विवेचना उ.प्र. शासन के आदेशानुसार ईओडब्लू मेरठ सैक्टर को आवंटित की गयी थीं। उपरोक्त 19 अभियोगों में से ही मु.अ.सं.–1943/16 की विवेचना किये जाने पर यह स्पष्ट हुआ कि फोस्टर हाइट्स योजना के निदेशक/प्रबंध निदेशक राजेन्द्र दत्ता/सचिन दत्ता तथा अपने नाम पर ऋण स्वीकृत कराने वाले सत्यदेव सिंह एवं ऋण प्राप्त करने में गारण्टर की भूमिका निभाने वाले अभियुक्त अभिषेक सिंह के द्वारा तत्कालीन मुख्य शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक शाखा – वसुन्धरा (गाजियाबाद) भगवान दत्त शर्मा व तत्कालीन ऋण प्रबंधक, जय सिंह से मिलीभगत कर वादी हिमांशु सिंह के फ्लैट सं.–एफ.एच. /बी.जी.–2, प्लाट सं.–14, सेक्टर–2, एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलिज के पीछे एनएच–24 क्रासिंग रिपब्लिक गाजियाबाद के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उक्त फ्लैट पर पंजाब नेशनल बैंक, वसुंधरा गाजियाबाद से 55,50,000/– रू. का ऋण प्राप्त कर अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर सरकारी धन को लूटने का काम किया है। इस मामले में एक वांछित सत्यदेव सिंह जिसके नाम पर ऋण स्वीकृत किया गया है उसकी गिरफ्तारी बीते 7 जुलाई को की और डब्लू मेरठ सेक्टर टीम के द्वारा की जा चुकी है इसी केस में गारंटर की भूमिका निभाने वाले अभियुक्त अभिषेक सिंह, जो उपरोक्त अभियोग में वांछित चल रहा था उसकी गिरफ्तारी फरीदाबाद से की है जिसके बाद संयोजित ढंग से ठगी करने वालों में खलबली मची हुई है। आपको बता दें कि मेरठ से लेकर गाजियाबाद व नोएडा में ऐसे केस आम दिखाई दे रहे हैं जहां पर लोगों के साथ ठगी की जा रही है। मेरठ सेक्टर टीम को लीड करने वाले आईपीएस राजीव दीक्षित का कहना है कि उनकी टीम पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है किसी भी अपराधी को बक्स्सा नहीं जाएगा और हर केस का जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा।

# विश्व में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं गुणवत्ता में फार्मासिस्ट का अहम योगदान: डा. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस–2025' पर इस वर्ष की थीम 'थिंक हेल्थ–थिंक फार्मासिस्ट' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मेरठ, मुरादाबाद, दिल्ली, गुरूग्राम समेत देश के अलग–अलग हिस्सो एवं विभिन्न फार्मा इंडस्ट्री से आये एक दर्जन से अधिक एक्सपर्ट ने उपस्थित फार्मा स्टूडेंट्स एवं शिक्षकों को फार्मासिस्ट की महत्ता बताते हुए फार्मा इंडस्ट्री में ढेरों सम्मानित रोजगार संभावनाओं के



बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्थान के फार्मा स्टूडेंट्स ने पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी एवं नुक्कड़ नाटक व परिसर में जागरूकता रैली निकालकर प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट के महत्व को समझाया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में विश्व फार्मासिस्ट दिवस–2025 पर 'थिंक हेल्थ–थिंक फार्मासिस्ट' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगौष्ठी एवं पोस्टर/मॉडल प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक का शुभारंभ राजस्थान विश्व. विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस. आर. मालू, मोनार्क साईन्टिफिक के हेड निशांत सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, गलेक्सो इण्डिया के सीमांत सक्सेना, औषधि निरीक्षक रूचि बंसल, चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कमार दास, कुलपति डॉ. कृष्ण कांत दवे, डीन फार्मेसी डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. दर्पण कौशिक आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि/वक्ता औषधि निरीक्षक रूचि बंसल ने कहा कि पूरे विश्व में प्रत्यश रूप से 50 लाख से अधिक एवं अप्रत्यश रूप से 6 करोड़ से अधिक लोग फार्मा इंडस्ट्री से जुड़े है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि बात चाहे आम स्वास्थय सेवाओ की हो या कोविड जैसी वैश्विक महामारी की फार्मासिस्ट ने उपचार, देखभाल से लेकर 'ग्लोबल वैक्सीनेशन' तक डॉक्टर्स के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर इस महामारी को हराने का काम किया।इस अवसर पर जिला हॉस्पिटल के चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार दास, प्रो. अंजलि भारद्वाज, डॉ. धीरज दुबे, डॉ. आदित्य शर्मा, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

# शोभित विवि में प्रतिबद्धता दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में हर साल 25 सितंबर को कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र के जन्मदिवस को प्रतिबद्धता दिवस के रूप में मनाने की गौरवशाली परंपरा है। यह दिन शिक्षा, नवाचार और सामाजिक कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय के अटूट समर्पण का प्रतीक है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिबद्धता दिवस के माध्यम से विश्वविद्यालय परिवार अपने कुलाधिपति महोदय के दृष्टिकोण और आदर्शों को सम्मानित करता है।इस अवसर पर कुलाधिपति ने कहा, प्रतिबद्धता हमें सबसे पहले स्वयं से करनी होती है। पहला संकल्प यह समझना है कि मैं यहाँ क्यों हूँ। हमें अपने वादों को याद करना ही प्रतिबद्धता दिवस का उद्देश्य है। हम इस दिन से अपने संकल्पों की शुरुआत करते हैं। हमारा देश हमें देख







रहा है, हमारा परिवार हमें देख रहा है, हमारे माता–पिता हमें देख रहे हैं। ऐसे में हमें शिक्षा और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। प्रतिबद्धता दिवस हमारे संकल्पों और आदर्शों को मजबूत करने का प्रतीक है। इस विशेष अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां रचनात्मकता और भावनाओं की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति के रूप में सामने आए। इस विशेष दिन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रो. एम.एल. सिंगला, प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. जयानंद, सभी विभागों के डीन, निदेशक और संकाय सदस्यों ने कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं।

# बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक संकुल, एआरपी, डीसी के साथ आयोजित की गई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक संकुल, एआरपी ,डीसी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया के द्वारा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047, स्वच्छता पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम के विषय में शासन द्वारा प्रेषित गतिविधियों के आलोक में जनपद स्तर पर आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों के विषय में रूपरेखा जारी की। उक्त के अनुक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 26 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक सभी विद्यालयों में आयोजित करायी जाने वाली गतिविधियों का कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी किया गया। प्रतिदिन करायी जाने वाली गतिविधियों के साथ–साथ स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संवाद एवं हाथ धुलाई गतिविधि प्रतिदिन आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति के 25 दिवसीय कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा एवं आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से परिचर्चा की गई। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम के विषय में बताते हुए पोर्टल पर सभी के द्वारा सुझाव भेजने हेतु प्रेरित किया गया तत्क्रम में प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम तीन बार अपने सुझाव पोर्टल पर भेज सकता है। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम के अंतर्गत तीन श्रेणियों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त तीनों श्रेणियों के जनपद स्तरीय विजेताओं को 51,000, 21,000 और 11,000 की नकद धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

# शोभित विवि एवं एनआईएसएम के बीच हुआ करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) के साथ साझेदारी समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज और एनआईएसएम के जनरल मैनेजर संजीव बजाज द्वारा संपन्न हुआ।

इस एमओयू के तहत छात्रों को सेक्योरिटीज मार्केट से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उन्हें एनआईएसएम प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय भविष्य में इस प्रमाणपत्र को पाठ्यक्रम में अनिवार्य बनाने जा रहा है, ताकि प्रत्येक छात्र उद्योग–अनुकूल कौशल और ज्ञान के साथ तैयार हो और उनकी रोजगार संभावनाएँ और अधिक बढ़ें। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी ने कहा यह साझेदारी हमारे छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार कौशल और ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि छात्र शिक्षा के साथ–साथ उद्योग में भी प्रतिस्पर्धात्मक बने और रोजगार योग्य बनें।



एनआईएसएम के जनरल मैनेजर संजीव बजाज ने इस अवसर पर कहा शोभित विवि के साथ यह सहयोग हमें गर्व का अनुभव कराता है। हमें विश्वास है कि इस साझेदारी से छात्रों को प्रतिभूति बाजार के क्षेत्र में सशक्त प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र हासिल करने का अवसर मिलेगा, जो उनके करियर को नई ऊँचाइयाँ देगा। डॉ. अभिषेक डबास, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ने कहा कि यह प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र हमारे वित्तीय पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए भविष्य की प्लेसमेंट और करियर अवसरों में सहायक साबित होगा। इससे उनके कौशल और रोजगार योग्यता को और मजबूत बनाया जा सकेगा। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में डीन अकादमिक्स प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डायरेक्टर नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज डॉ. विकास गुप्ता, डायरेक्टर आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. दिव्या प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह पहल शोभित विश्वविद्यालय की छात्रों के कौशल विकास और उद्योग–अनुकूल शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# नगर पंचायत परीक्षितगढ़ ने वृहद स्तर पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** स्वछता पखवाड़े के अंतर्गत नगर के किठौर बस स्टैंड एवं गांधारी सरोवर प्रांगण में नगर पंचायत परीक्षितगढ़ द्वारा वृहद स्तर पर स्वछता अभियान चेयरमैन हिटलर त्यागी व विष्णु अवतार रुहेला ने सभी को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई और श्रम दान करके सभी को श्रम दान करने तथा पर्यटन नगरी परीक्षितगढ़ को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में सहयोग करने की अपील की चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहा कि परीक्षितगढ़ रामायण और महाभारत कालीन ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल है और हम सबको इसका महत्व समझना चाहिए हमें अपनी पर्यटन नगरी को स्वच्छ और सुंदर बनाना है जिसके लिए सभी सहयोग करे स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसेडर और अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने कहा कि अपने आस पास कही भी गंदगी नहीं होने दें और स्वच्छता के लिए अपने सुझाव और शिकायत नगर पंचायत कार्यालय या सर्वेक्षण के नम्बर पर करें। इस अवसर पर सभासद आदेश गुर्जर, कपिल लोहरे, संत राम



सैनी, राम अवतार पंवार, सह सफाई नायक संतोष वाल्मीकि सुभाष कुमार, सौरभ गुर्जर, अंकित कश्यप, आशीष कुमार, पवन त्यागी, उमेश गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# रामलीला मंचन का वरुण अग्रवाल ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूरे देश में रामलीला का आयोजन हो रहा है। जगह–जगह भव्य मंच सज रहे हैं। मेरठ में भी श्री रामलीला कमेटी, जेल चुंगी, मेरठ द्वारा आयोजित श्री रामलीला में कैंट विधायक अमित अग्रवाल के पुत्र वरुण अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने रामलीला मंचन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद भगवान श्री गणेश को माल्यार्पण कर उनकी आरती की और आशीर्वाद प्राप्त किया। वरुण अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का भी माध्यम है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र से हमें हमेशा धर्म, सत्य और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है।



# के.एम. विवि में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**मथुरा।** के.एम. (कृष्णा मोहन) विश्व. विद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' बडे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर "थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट" (स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें) का नारा बुलंद किया गया, जिसमें फार्मासिस्टों के स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत केएम विश्व. विद्यालय के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अजय सूद, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। सभागार में फार्मेसी के सभी छात्र और संकाय के डीन एवं प्रोफेसर मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्रों के बीच रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक प्रविष्टियाँ शामिल हुई। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सोच, टीम वर्क और समस्या समाधान में छात्रों के ज्ञान और कौशल का आंकलन करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए, और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए सांत्वना पुरस्कार दिए गए तथा छात्र–छात्राओं ने 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' पर मानवता की सेवा, मरीजों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, दवाओं का सुरक्षित उपयोग, ज्ञान और कौशल को बढ़ाने और फार्मासिस्ट पेशे के कानून और मानकों पालन करने का संकल्प लिया। कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने फार्मासिस्टों के समर्पण और उनके अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं और फार्मासिस्टों का कार्य समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिवस का उद्देश्य फार्मासिस्टों के महत्व और स्वास्थ्य देखभाल में उनकी भूमिका के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा हम आपको केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि उस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार भी करेंगे, आज आपका दिन है जिसे बड़े उत्साह से हम सभी मिल कर मना रहे है, समाज में और मनुष्य के जीवन स्वास्थ एक बड़ा हिस्सा है और स्वास्थ को स्वस्थ रखने की जरूरत है और फार्मासिस्ट हमें स्वस्थ रखने में अहम भूमिका रखते है। आप अपने क्षेत्र में सेवा भाव के साथ आगे बढ़े समाज में अपनी सेवा दे यही आपकी सफलता है। केएम अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद ने कहा प्राचीन काल में आयुर्वेद में चिकित्सा के जनक ऋषि चरक थे, जो एक चिकित्सक और फार्मासिस्ट दोनों थे।

# बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: सांसद

## जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की हुई बैठक, बिना फिटनेस वाहन पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने की। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बैठक में कहा कि विद्यालयों की छुट्टी के समय सड़कों पर जाम लगना आम समस्या बन गई है। इस स्थिति से बच्चों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित होती हैं। उन्होंने अधिशासी अधिक. ारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी और यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों के भीतर ठोस कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें विद्यालय के आसपास यातायात का सुचारु संचालन, पार्किंग व्यवस्था और पुलिस तैनाती की रूपरेखा हो।



बैठक में यह भी तय किया गया कि बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन किसी भी हालत में स्कूल संचालन के लिए न चलें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग एक सप्ताह में सभी विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित कराए और केवल वैध कागजात वाले वाहनों को ही अनुम. ति दी जाए। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने कहा कि यातायात पुलिस ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखेगी और दोषी वाहन स्वामियों पर चालान व लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई होगी। प्रत्येक वाहन की नियमित जाँच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय वाहन नियमावली के सभी मानकों को पूरा कर रहे हैं। इस संबंध में समय-समय पर स्कूल प्रबंधन को नोटिस एवं दूरभाष पर निर्देश भी जारी किए जाते हैं, ताकि सभी वाहन अपने प्रपत्र वैध कराएं। निर्णय लिया गया कि कोई भी विद्यालय वाहन बिना वैध परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र और बीमा के संचालित नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, जनपद बागपत में कुल 572 स्कूल बसें पंजीत हैं, जिनमें से 426 बसें वैध परमिट के अंतर्गत हैं, जबकि 27 वाहनों का परमिट समाप्त हो चुका है और 119 वाहन बिना परमिट संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार कुल 538 वाहन फिटनेस प्राप्त हैं, जबकि 34 वाहन बिना फिटनेस के पाए गए हैं। कार्यालय पोर्टल के अनुसार जिले में कुल 741 वाहन स्कूली वाहन के रूप में दर्ज हैं।

इनमें से 164 वाहन मॉडल कंडीशन पूर्ण कर चुके हैं, जिनमें से 97 वाहन अभी भी सक्रिय हैं और संभावना है कि कुछ स्कूल इन वाहनों का संचालन कर रहे हों। इस संबंध में संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने बताया कि अब तक 20 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया गया है, जबकि 25 वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया गया है।

सांसद ने विद्यालय स्तर पर रोड सेफ्टी क्लब के सुचारू संचालन पर जोर दिया, ताकि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से ही सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों में जागरूकता आएगी तो वे घर और समाज में भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे। सांसद ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विद्यालय में स्कूली बच्चे का झाड़ू लगाते हुए वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्राथमिक विद्यालय पलड़ी नंबर एक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्कूली बच्चे झाड़ू लगाकर कूड़ा बाहर निकालती दिख रही है।

स्कूल परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे बच्चों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। स्कूल के प्रधानाध्यापक नितिन कुमार ने कहा कि स्कूल में एक स्फाई कर्मी नियुक्त है। वह कूड़े को एक जगह इकट्ठा करता है। ग्राम पंचायत का सफाई कर्मी हफ्ते में एक बार आकर कूड़ा उठा ले जाता है। बच्चों से स्फाई कराए जाने के बारे में प्रधानाध्यापक ने कहा कि किसी अन्य शिक्षक ने यह काम करवाया होगा। उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी बिनौली बृजमोहन ने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा पाया गया तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के कोताना रोड भगवती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम हथिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट रही। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा.विवेक तोमर, कॉलेज की निदेशक डा.अनु एवं विभागाध्यक्ष पंकज ब्रह्मिया द्वारा सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने ार्मासिस्ट प्रतिज्ञा लेकर जनकल्याण की सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक डा.अनु ने मुख्य अतिथि एवं सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर सभी फार्मासिस्टों ने एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## सभी चालक और परिचालक डयूटी के समय निर्धारित वर्दी पहनें:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए और वहां चलने वाले वाहनों की फिटनेस व पंजीकरण की जांच की जाए। सांसद ने कहा कि इस समिति की अगली बैठक 10 दिन बाद आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिकारियों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित विभागीय अधिकारी और वाहन स्वामी दोनों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में गुड सेमेरिटन योजना को भी आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की तत्काल मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा सके। सांसद ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और सड़क पर चलने वाले हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस जिम्मेदारी से कोई भी विभाग या संस्था मुंह नहीं मोड़ सकती। बैठक में विद्यालय वाहनों के चालकों और कंडक्टरों के कर्तव्यों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देशित किया कि सभी चालक और परिचालक डयूटी के समय निर्धारित वर्दी पहनें और वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स तथा अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखें। विशेष बच्चों की सुरक्षा पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। चालकों को बच्चों को समय से सुरक्षित स्कूल तक पहुँचाना होगा और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना होगा। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग व आपस में अनावश्यक बातचीत पूरी तरह वर्जित होगी। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी होगी। साथ ही, यह भी ध्यान रखा जाए कि बस में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठें। स्कूल बस चालक और कंडक्टर सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें, बस को हमेशा बाईं ओर लेन में खड़ा करें, और बच्चों या दिव्यांगों को चढ़ाते-उतारते समय विशेष सावधानी बरतें।

## एक नजर

### केन्द्र व प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व बदहाली से गरीब दलित आमजन दुखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व बदहाली गरीब दलित आमजन दुखी है। सरकार भोली भाली जनता का जाति धर्म मे ध्यान बाटकर गुमराह करने का काम कर रही है। प्रदेश मे आज अपराध बढ रहा है। चारो तरफ हाहाकार भय का माहोल है। महिलाओं पर सरे आम अत्याचार हो रहे है। भाजपा कुशाशन के चलते महिलाओं की जेब खाली हुई है। सडके गहरे गढ्ढों में समा गयी। दर्दनाक हादसे हो रहे है किसानो को अपनी फसल का वाजिब दाम नही मिल रहा। उन्होंने सरकार से गन्ने का दाम सात सो रुपये प्रति कुन्तल करने की मांग जनता अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नही है। कांग्रेस जनसमस्यो को लेकर अब चैन से नही बैठेगी। कांग्रेस की नीतियों विचारधारा को गली मोहल्लो तक पंहुचाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी क्रष्णहरी पंवार बिजेन्द्र शर्मा रीना हाकिम सेवादल चाहीराम औमवीर सिंह बावली नन्दराम औकार दत्त रहे।

### रानी अपने दो वचनों में राम को वनवास और भरत को राजभर की करती है मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रानी अपने राज कक्ष में बड़े दुखी मन से लेटी हुई होती है, तभी वहा राजा दशरथ आते है ओर बोलते है यह मातम क्यो छाया, रानी केकई राजा को बोलती है राम को राजभार ओर भरत को किया दिया। रानी की यह बात सुनकर राजा आश्चर्य चकित रह गया और बोल रानी आप बोलो में निर्धन को धनवान बना दूं तभी रानी अपने दो वचनों में राम को वनवास और भरत को राजभर की मांग करती है। यह बात सुनकर राजा का मन दुखी हो जाता है। रानी को बोलते हैं हे बेवफ़ा की तुम क्या मांग लिया मेरे लिए तो चारों बेटे बराबर हैं। रानी के दो वरदान स्वीकार कर राजा दशरथ राम के पास पहुंचते हैं और राम को यह है सारी बात करते हैं। राम ने अपने पिता का आज्ञा का पालन करते हुए वनवास स्वीकार किया। फिर राम माता कौशल्या के पास राजकक्ष में जाते हैं और उनसे है यह बात बोलते हैं कि अब पिताजी की आज्ञा से 14 वर्ष का वनवास को जाऊंगा। यह बात सुनकर कौशल्या राम को गले लगा कर रो पड़ती तभी भाई लक्ष्मण भी वहां पहुंच जाते हैं। राम के साथ वनवास जाने की जिद करते हैं। श्रीराम बोलते हैं लक्ष्मण भाई आप यहीं रहो माता और पिता का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि भारत और शत्रुघन यहां नहीं है। लक्ष्मण जीद करते हैं भ्राता में आपके साथ ही जाऊंगा। श्रीराम बोलते हैं तो चलो भाई सीता माता भी राम के साथ जाने को कहती है। राम बोलते हैं आप राजमहल ही रहो सीता बोलती है मैं आपके साथ चलूंगी मैं भी अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन कर रही हूं, तभी राम बोलते हैं तो फिर प्रिया आप भी चलो फिर तीनों राजा दशरथ के पास पहुंचते हैं वहां केके उनको वनवास के वस्त्र देकर विदा करती है, जिसमें राम का अभिनय-आशीष वर्मा ने लक्ष्मण का अभिनय-बोबी वर्मा ने कैकई-मुकेश पंचाल, कौशल्या का अभिनय अजय वर्मा, सुमित्र -अनिल गुप्ता ने राजा दशरथ-प्रमोद गुप्ता ने मामा का अभिनय दलबीर महेश्वरी और धर्मगुरु का प्रमोद माहेश्वरी आदि सभी स्थानीय कलाकारों ने अपना-अपना अभिनय खूब अच्छे निभाया।

## स्कूल मार्ग पर जलभराव, विद्यार्थी व ग्रामीण बेहद परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** गांव की गलियों में नालियों का गंदा पानी बहने और जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे होने से ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यार्थी भी परेशान हैं। छात्रा सानिया का कहना है कि सुबह स्कूल व कॉलेज जाने वाली छात्राओं को कीचड़ और जलमग्न रास्तों से होकर गुजरना पड़ा।



छात्रा नेहा



छात्रा सानिया



छात्र गौरव

छात्रा नेहा का कहना है कि बरसात के दिनों में नालियों का पानी बाहर सड़क पर बहने लगता है। गली-कूचों में कीचड़ फैलने से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। छात्रा रावी का कहना है कि स्कूल मार्ग पर पानी भरे रहने के कारण बच्चों की यूनिफॉर्म तक गंदी हो रही है। कई बार छात्राएं फिसल कर चोटिल भी हो चुकी हैं। छात्र मोहित का कहना है कि कुर्डी से नांगल गांव की तरफ जन विजय इंटर कॉलेज के पास से पाईप लाईन गई है। वह बंद करनी चाहिए जिस पर कोई भी कनेक्शन नहीं है। जिनके कारण जलभराव हो रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और जलभराव की समस्या विकराल हो चुकी है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र नालियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और मार्ग के निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा और गंदगी से बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। वीडीओ अमित तोमर ने बताया कि निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। छात्र गौरव का कहना है कि बारिश का पानी और नालियों का गंदा पानी एकत्र होकर सड़क पर फैल जाता है, जिससे रोजाना ग्रामीणों और बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्राम प्रधान ओमपाल सिंह का कहना है कि निकासी का प्रबंध नहीं है।

## किसानों व गेल कंपनी के बीच विवाद सुलझा, पाइपलाइन रिपेयर कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा और मवीकलां गांव के बीच क्षतिग्रस्त हुई गेल कंपनी की पाइपलाइन को लेकर किसानों और कंपनी के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद आज सुलझा लिया गया। एसडीएम निकट वर्मा की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। गौरतलब है कि 16 अगस्त को यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद रिपेयर कार्य किसानों के विरोध के कारण रुका हुआ था। समझौते के उपरांत अब कंपनी ने मौके पर काम शुरू कर दिया है। जल्द ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## श्रीअन्न से मजबूत बनेगा शरीर, बढ़ेगी किसानों की आय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को एक दिवसीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी एवं जनपद स्तरीय तिलहन मेला का आयोजन कलेक्ट्रेट लोकमंच पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक योगेश धामा और जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया।



सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं लागू की हैं, जिनका मकसद न केवल पोषण और स्वास्थ्य को मजबूत करना है बल्कि किसानों की आजीविका में स्थायी सुधार करना भी है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स और मिलेट्स पुनरोद्धार योजना जैसे प्रयास किसानों को बाजार, तकनीक और योजनाओं से जोड़कर उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मेले में लगाए गए स्टॉल्स पर चौलाई, बाजरा, रागी, कोदो और समा जैसे मोटे अनाजों के उत्पादों का प्रदर्शन हुआ। अधिकारियों और विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि मोटे अनाज यानी श्री अन्न न केवल जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित करते हैं बल्कि शरीर को ऊर्जा और ताकत भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक योगेश धामा, अपर जिला. धिकारी पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, कृषि उपनिदेशक विभाति चतुर्वेदी, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रभु श्रीराम के विवाह के बाद दर्शाया गया वनवास का दृश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सनातन धर्म ठाकुर द्वारा प्रेम मंडल रंगमंच पर प्रभु श्रीराम के विवाह के बाद वनवास का दृश्य दर्शाया गया, जिसमें पहले श्रीराम माता सीता के साथ अयोध्या राजम. हल पहुंचते हैं। तीनों माताएं केकई कौशल्या ओर सुमित्र अपने पुत्र और वधू का स्वागत करती है साथ ही राजा दशरथ भरत शत्रुघन को अपने मामा के यहां कुछ दिनों के लिए भेज देते हैं।



राम को राजभर सपना का विचार रखते हैं धर्मगुरु शुभ मुहूर्त निकालते हैं और फिर राजा दशरथ अपने मंत्री को बोलते हैं कि अयोध्या में जाकर सभी अयोध्या वासियों को सूचित करो तभी मन्थरा वहां से जा रही होती है तो वह यह सब बात सुनकर रानी के केकई के पास पहुंचती है और केकई के कान भर्ती है। श्रीराम को राजभार का डंका अयोध्या से बज रहा है और भरत को क्या मिला रानी केकई मन्थरा की बातों में आ जाती है और मन्थरा बोलती है कि बताओ में अब किया करू तो मन्थरा केकई को सीखती है 2 वर्दान जो आपको राजा ने दिये थे उनके बदले राम को बनवास ओर भारत को राजभार की बात आप राजा दशरथ से करो। रानी केकई मन्थरा की बातों में आकर ऐसा ही करती है। इस दौरान बबलू, अमित, धर्मेंद्र, अंकित, कृष्ण, संजय, पवन, रमेश, चिंटू, अमित, अतुल, प्रताप, घनश्याम, अनुज मित्तल, प्रतिभा अतुल जैन सभासद आदि मौजूद रहे।

## जनता वैदिक कॉलेज के भूगोल विभाग का ग्राम लोहड्डा में सर्वेक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज द्वारा 24 एवं 25 सितंबर को सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराना, उनके अध्ययन को व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामाजिक एवं आर्थिक सूचनाओं का संकलन कर शैक्षणिक शोध में योगदान देना था। इस दो दिवसीय सर्वेक्षण कार्यक्रम में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के दलों को ग्राम लोहड्डा के हिस्सों में भेजा गया, जहाँ उन्होंने घर-घर जाकर प्रश्नावली एवं साक्षात्कार पद्धति के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियाँ एकत्र कीं। सर्वेक्षण के दौरान शिक्षा का स्तर, रोजगार की स्थिति, आय के स्रोत, स्वास्थ्य सुविधाएँ, पारिवारिक ढांचा, महिलाओं की भागीदारी, स्वच्छता की व्यवस्था तथा जीवन-यापन की स्थितियों से संबंधित तथ्य संकलित किए गए। सर्वे की प्रक्रिया में विभाग के संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें क्षेत्रीय कार्य की व्यवहारिक पद्धतियों से परिचित कराया। प्राचार्य प्रो.वीरेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शैक्षणिक अध्ययन तभी सार्थक हो सकता है जब विद्याथह्न पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक परिस्थितियों का भी अनुभव प्राप्त करें। इस प्रकार का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण विद्यार्थियों को न केवल क्षेत्रीय अध्ययन का अवसर प्रदान करता है। इस सर्वे में भूगोल विभाग के सर्वे कोरडीनेटर डा.अजय कुमार, डा.मधुर यादव और महाविद्यालय के डा.गीता रानी, डा. शिवपाल आदि मौजूद रहें। भूगोल विभागाध्यक्ष डा.देवेंद्र सिंह ने बताया कि भूगोल विभाग निरंतर इस प्रकार की शैक्षणिक एवं व्यवहारिक गति. विधियों का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। विभाग का विश्वास है कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामा. जिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग बनाते है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वकील पुत्रवधू राबिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सलीम पुत्र अय्यूब निवासी माता कालोनी बागपत थाना व जनपद बागपत।

## मोटे अनाज खेती की लागत कम और लाभ अधिक देते है:विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने अपील की कि हर परिवार अपने भोजन में एक पोषक मोटे अनाज को जरूर शामिल करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य मिल सके। सांसद डा.सांगवान और विधायक योगेश धामा ने कहा कि मोटे अनाज खेती की लागत कम और लाभ अधिक देते हैं।

इनसे ग्रामीण रोजगार और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स का बढ़ता बाजार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया था। इस निर्णय ने भारत की प्राचीन खाद्य परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री ने बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी और अन्य मोटे अनाजों को श्री अन्न नाम देकर उनके पोषण और महत्व को फिर से स्थापित किया। अतिथियों ने कहा कि मिलेट्स कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, जिंक, आयरन और विटामिन बी से भरपूर होते हैं। ये प्राकृतिक बूस्टरह्न की तरह काम करते हैं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार हैं। सभी नागरिकों से अपील की कि श्री अन्न अपनाएं, सेहत और समृद्धि बढ़ाएं।

## किसानों के मुद्दों पर संघर्ष कर कराए सभी किसानों के कार्य:सुनील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की ताराचंद मार्केट कोताना रोड स्थित जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए सुनील कुमार आर्य ने कहा कि जनपद बागपत की समस्याओं को लेकर लगभग 3 वर्ष से हम सभी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जनहित में काम कर रहे है। जनता ने हमें जिला पंचायत सदस्य बनाकर विकास कार्य करने का मौका दिया। हमने जनता की भलाई को देखते हुए सैकड़ो की तादाद में विकास कार्य करवाए। हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से गांव में जैसे तालाब की खुदाई करवाना, गांव में नाली खड़ंजो का निर्माण करवाना, विद्युत विभाग से लाइट की बिजली का प्रबंध करना, विधवाओं बुजुर्गों विकलांगों की पेंशन बनवाने का कार्य कराया गया। किसानों के मुद्दों पर संघर्ष किया सभी किसानों के कार्य करवा कर जनता के हितों में काम किया। आगे भी हम जनता की सेवा के लिए कार्य करते रहेंगे। लगभग 20 दर्जन गांवों में आंखों के नि:शुल्क शिविर लगवा कर बुजुर्ग लोगों की आंखें बनवाई क्षेत्र में अपने पैसे से नि:शुल्क एंबुलेंस चलवाई जो आज क्षेत्र की जनता के लिए एक मैसेज करते ही लोगों तक पहुंच जाती है। अनेक कार्य करवाने का हमें मौका दिया गया। हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से अपने क्षेत्र में अनेक कार्य करवाने का काम किया। जनता की भलाई के लिए कार्य किये और आगे भी हम कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बडावद गांव के भावी प्रधान अमित चिकाराने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में अगर जनता ने मौका दिया तो अनेक कार्य करवाने का काम किया जाएगा। बडावद मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य वरिष्ठ समाजसेवी खेड़ा हटाना चौधरी सत्यपाल सिंह लुहारी रविंद्र कुमार समाजसेवी पूर्व फौजी चौधरी वीरसेन योगेश कुमार राणा बैटरी आदी बैठक में मौजूद रहे।

# एडीजी ने महिला थाने का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एडीजी जोन मेरठ भानु भास्कर ने गुरुवार को महिला थाने का औचक निरीक्षण किया, ताकि प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान शमिशन शक्ति 5.0 की प्रगति का जायजा लिया जा सके। उन्होंने इस अभियान को सिर्फ एक औपचारिकता न मानकर जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। निरिक्षण के दौरान एडीजी ने पाया कि जागरूकता कार्यक्रम तो चलाए जा रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन तीनों लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जाए। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों से पिछले तीन दिनों में किए गए कार्यक्रमों और कार्रवाइयों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने थाने के विभिन्न रजिस्टरों और दस्तावेजों की गहनता से जाँच की। इस दौरानउन्होंने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि हर महिला पुलिसकर्मी को गाँवों, वार्डों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। 112 आपातकालीन सहायता और 1090 महिला हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना। इस दौरान एडीजी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पिंक बूथ, महिला बैरक व्यवस्था और स्वावलंबन कैंप जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। उन्होंने अभियान को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए जागरूकता रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, कहानी सुनाने के सत्र और प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित करने के लिए कहा गया। एडीजी ने साफ कहा कि इस एक महीने के अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सीओ सिटी वरुण मिश्रा और महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा राय भी मौजूद थे।

# चंडी मंदिर में तृतीय नवरात्र पर हवन व श्रृंगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्रीहरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा आयोजित नवरात्र महोत्सव के अवसर पर तृतीय नवरात्र पर माता रानी का हवन व श्रृंगार बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आज के यजमान रजत मित्तल पुत्र अखिलेश मित्तल एवं उनके परिवार द्वारा विधिविधान से हवन व श्रृंगार कराया गया। अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि चंडी मंदिर एक सिद्ध पीठ है, जहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनो. कामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नवरात्र पर माता का हवन और श्रृंगार प्रतिदिन अलग-अलग यजमानों द्वारा कराया जाता है। साथ ही समिति की ओर से मंदिर परिसर में सफाई, जल की व्यवस्था और लंगूर सेवा का भी प्रबंध किया जाता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य केशव शर्मा, सुधीर गोयल, बृजेश शर्मा, राहुल मित्तल, मोहित गुप्ता, मनोज मित्तल, विजयपाल रोहिल्ला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

# अवैध रूप से चल रहा अल्ट्रासाउंड सेंटर किया सीज






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** गांव में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की, जहां अवैध रूप से एक पोर्टेबल मशीन द्वारा अल्ट्रासाउंड होता मिला। टीम ने पोर्टेबल मशीन को जब्त कर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया है।

बिनौली गांव में बड़ौत मेरठ मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास लंबे समय से स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से श्री बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना मानकों के चल रहा था। डीएम व सीएमओ के निर्देश पर नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा.मसूद अनवर के नेतृत्व में बालाजी अल्ट्रा साउंड सेंटर पर छापेमारी की गई तो वहां प्रतिबंधित पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन पाई गई, जिसके बारे में सेंटर संचालक जसबीर सिंह से जानकारी की गई तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद मशीन को जब्त कर सील किया गया। इस दौरान अल्ट्रासाउंड सेंटर को अग्रिम विधिक कार्रवाई होने तक सील किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार, सीएचसी बिनौली के चिकित्साधिकारी डा.आकाश चौधरी, एसआई बिनौली चौकी प्रभारी नीलकांत भी मौजूद रहे।

# डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं का अनावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** आवासीय कॉलोनी में आज सम्मानित नागरिकों के सौजन्य से डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं का अनावरण भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का अनावरण भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, पालिक. ाध्यक्ष विभु बंसल, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, नगर संचालक विपिन अग्रवाल तथा नगर के सम्मानित नागरिकों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि डा.मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उनकी प्रेरणा से राष्ट्र की एकता और अखंडता सशक्त बनी है। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग से इन महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण होना हमारे लिए गर्व का विषय है। इनके आदर्श हमें समाजहित और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर सुरेश, सुधीर गोयल, विश्वप्रकाश शर्मा, अखिलेश मित्तल, सीमा जौहर, सभासद नरेश भारती, सचिन पुंडीर, प्रदीप, जहीरूद्दीन, यादराम कोरी, पवन चौधरी, दीपक राबिया, आयुष सिरोही, गुड्डू प्रजापति, हिमांशु अग्रवाल, कमल कंसल, अंकुर गहलौत, राजेंद्र राठी आदि उपस्थित रहे।

# एडीजी ने किया रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी पुलिस भर्ती के रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण पिलखुवा में स्थित स्वामी विवेकानंद कालेज में कराया जा रहा है। गुरुवार को एडीजी भानू भास्कर ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र पर विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। एडीजी ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 250 रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण देना शुरू हो गया है, जिसमें एक माह का ज्वाइंट ट्रेनिंग सेंटर होगा। इसमें 50 महिला आरक्षी होंगी। इसके बाद नौ माह की आरटीसी कराई जाएगी। गुरुवार को एडीजी पिलखुवा स्थित प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण दिनचर्या की जानकारी की। साथ ही प्रशिक्षण केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बैरिक, मैस, क्लास रूम, मनो. रंजन कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता आदि को चेक किया। एडीजी ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण को और बेहतर बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एडीजी ने अभ्यर्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, सीओ पिलखुवा अनीता चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार आदि मौजूद थे।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से महिला की मौत, आधा दर्जन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुद्रेश्वर कोतवाली क्षेत्र के खादर इलाके में पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रही ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया जबकि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़मुद्रेश्वर के खादर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कुदैनी की मढैया निवासी कुछ किसान अपने पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहे थे। तभी उनकी ट्रैक्टर ट्राली गांव सौगढ़-शाहपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट गहरे खेत में पलट गई। इस हादसे में एक महिला, जिसका नाम कुंता है, की मौत हो गई। उनकी हालत इतनी नाजुक थी कि इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कुंता की मौत की खबर से उनके परिवार में गहरा शोक छा गया। वहीं, पुष्पा, मो. निका, रूपवती, काजल, सीमा, विमलेश, चमन और धर्मवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए रूपवती को मेरठ रेर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली पलटने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच में ट्रैक्टर की गति, सड़क की हालत और ट्राली में अधिक चारा होने जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। पुलिस ने कहा है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### 28 सितम्बर को होगी किसान मज़दूर स्वाभिमान महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेवर।** शहीदे आज़म सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस पर 28 सितंबर को किसान डिग्री कालिज सिंभावली में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तत्वाधान में किसान मज़दूर स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई नामी गिरामी हस्तियों समेत हजारों की भीड़ शिरकत करेगी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव चौधरी वीरपाल सिंह और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह, पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के नाती संजय नाथ सिंह, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, पूर्व सांसद राजू शेट्टी, संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृषि मामलों के सलाहकार डा.बीआर पाटिल, बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड विजेता और एथलीट में वर्ल्ड गोल्ड मेडल विजेता डा.ऋचा सूद, किसान नेता सुनील सरदार, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश सिरोही, खाप चौधरी बागपत कप्तान, विवेक चौहान खाप चौधरी, ब्रजपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह तोमर समेत हजारों की भीड़ शिरकत करेगी। इसके अलावा प्रसिद्धयू टयूब और टीवी कलाकार ज्ञानेंद्र सरधाना की मंडली द्वारा रंगा. रंग रागनी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित जानकारी दिए जाने के दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष तरुण चौधरी, जिला सचिव रोहित सिवाल, ब्लॉक सचिव मोहित चौधरी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता और हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी भी उपस्थित रहे।

### ट्रेनों समेत विभिन्न वाहनों से बसपाई पहुंचेंगे लखनऊ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को होने वाली रैली को अभूतपूर्व बनाने के उद्देश्य से सक्रिय हुए बसपाइयों ने अलग अलग टीम बनाकर अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का दायित्व तय किया। सिंभावली के कैंप कार्यालय में सोमवार को बसपा की बैठक हुई, जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ ही मायावती की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नौ अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली मायावती की रैली में अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का लक्ष्य तय करते हुए कार्यकर्ताओं को टीम बनाकर अभी से सघन जनसंपर्क करने का दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एके कर्दम, जिला प्रभारी सतीश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जिया परवेज, विधान सभा क्षेत्राध्यक्ष राजू जाटव, शिवकुमार, पवन कुमार, नौफिल समेत सेक्टर अध्यक्ष और महासचिव मौजूद रहे।

# नहर में मिला अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** मध्य गंग नहर में अज्ञात वृद्ध का सड़ा गला शव मिलने से सिंभावली क्षेत्र में सनसनी फैल गई, हालांकि पुलिस पानी के साथ पीछे से शव बहकर आने की बात कहकर अपने क्षेत्र में कोई भी अपराधिक घटना होने से पूरी तरह इंकार कर रही है।

सिंभावली क्षेत्र से होकर निकल रही मध्य गंग नहर में बक्सर रेगुलेटर के पास बृहस्पतिवार की दोपहर बाद अज्ञात शव बहता देख राहगीरों समेत खेतों से लौट रहे किसानों के होश उड़ गए। कुछ ही देर के भीतर यह खबर तेजी से क्षेत्र में फैल गई, जिसका पता लगते ही इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवा लिया, परंतु हरसंभव प्रयास के बाद भी मृतक के नाम पते के विषय में कोई जानकारी लग पानी संभव नहीं हो पाई। नहर में अज्ञात शव मिलने से तरह तरह की चर्चा चलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि नहर में तैर रहे अज्ञात वृद्ध के शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव सड़ा गला होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह नहर के पानी में कहीं पीछे से बहकर आया है। पुलिस द्वारा की जा रही जांच में जल्द ही सारी गुत्थी का खुलासा करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय जनता पार्टी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती



**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के मूल्यों और विचारधारा पर चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने जन सेवा को राजनीति का माध्यम माना और एकात्म मानववाद के सिद्धांत को रेखांकित किया, जिसका उद्देश्य सभी वर्गों का समावेशी विकास और सशक्तिकरण करना था। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जीएसटी में हुए हालिया सुधारों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ताओं और व्यापारियों, दोनों को फायदा हुआ है और भारतीय बाजार में कारोबार बढ़ा है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि जीएसटी कम होने से वाहनों की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। मंत्री अग्रवाल ने चंडी मंदिर रोड के व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी रिफॉर्म के बारे में उनकी राय जानी। व्यापारियों ने इस कदम की सराहना की और कुछ सुधारों के लिए सुझाव भी दिए, जिस पर मंत्री ने केंद्र सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, अभियान संयोजक पुनीत गोयल, और अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों को ट्रैक्टर समेत कृषि उपकरणों पर मिली राहत भी गिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** जीएसटी घटाए जाने से हुए लाभ गिनाने को विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में व्यापारी और ग्राहकों से वार्ता करते हुए किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद में मिली राहत के विषय में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में कटौती किए जाने से भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह गदगद हो रहे हैं। जिन्होंने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र तेवतिया के नेतृत्व में गढ़ के मुख्य बाजार समेत सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर व्यापारी, ग्राहक और किसानों से वार्ता की। जिन्होंने बड़ी गर्मजोशी के साथ भाजपाइयों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री का तहेदिल से आभार जताया। विधायक ने कहा कि जीएटसी में कटौती किए जाने से छोटे व्यापारियों के साथ ही घरेलू सामान और जीवन रक्षक दवा खरीदने वाले ग्राहकों को बड़े स्तर पर राहत मिली है। विधायक ने बताया कि ट्रैक्टर समेत अन्य कृषि उपकरणों की खरीद करने वाले किसानों को भी जीएसटी की दरों में कटौती होने से बड़ी राहत हुई है। दिनेश गर्ग, अर्जुन ठाकुर, गोपाल ठाकुर, करन गौतम, शोभित ठाकुर, भूषण पंडित, रोहित मल्होत्रा, पूर्व चेयरमैन रामौतार राजौरा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददता**

**हापुड़।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिंभावली के किसान डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा एक किसान मजदूर स्वाभिमान महाप. ंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह के साथ कई प्रमुख व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें संजय नाथ सिंह लाल बहादुर शास्त्री के नाती, सुल्तान सिंह पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश, राजू शेट्टी पूर्व सांसद, डा.बीआर पाटिल संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृषि मामलों के सलाहकार, डा. ऋचा सूद पुरस्कार विजेता एथलीट और प्रिंसिपल, सुनील सरदार किसान नेता, नरेश सिरोही निवृत्तमान उपाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा शामिल है। आयोज. कों का अनुमान है कि इस कार्यक्रम में लगभग 20,000 से 25,000 किसान शामिल होंगे। महापंचायत में प्रसिद्ध यू टयूब व टीवी कलाकार ज्ञानेंद्र सरधाना एंड पार्टी का रागिनी संगीत कार्यक्रम भी होगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष तरुण चौधरी, जिला सचिव रोहित सिवाल, ब्लाक सचिव मोहित चौधरी और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवकता व हापुड़ के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी भी उपस्थित थे।

# हापुड़ में श्री रामलीला महोत्सव का आरंभ





**शाह टाइम्स संवाददता**

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति, हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2025 का शुभारंभ श्री रामचरित मानस और व्यास के पूजन के साथ हुआ। परम श्रद्धेय पवन देव चतुर्वेदी व्यास ने पहले दिन की कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया।

व्यास ने बताया कि भगवान श्रीराम श्रृंगवेरपुर में भीलों के राजा निषाद राज से मित्रता करते हैं और फिर सुमंत को अयोध्या वापस भेज देते हैं। इसके बाद वे वन की ओर प्रस्थान करते हैं। गंगा नदी पार करते समय केवट से उनकी मुलाकात होती है। केवट, जिन्होंने अहिल्या के उद्धार की कथा सुनी थी, भगवान राम से अपने चरण धुलवाने का आग्रह करते हैं। वह कहते हैं कि आपके चरण स्पर्श से अगर पत्थर नारी बन सकता है, तो मेरी लकड़ी की नाव का क्या होगा? केवट के अनुरोध पर प्रभु राम उनके आगे झुक जाते हैं और अपने चरण धुलवाते हैं।

बदले में, प्रभु राम केवट को अपनी निर्मल भक्ति का वरदान देते हैं। कथा आगे बढ़ती है और राम भरद्वाज आदि संतों से मिलते हैं। इसके बाद वे वाल्मीकि मुनि के आश्रम पहुँचकर कंद मूल फल का भोग लगाते हैं। वाल्मीकि मुनि के सुझाव पर वे चित्रकूट नामक स्थान पर मंदाकिनी नदी के तट पर विश्राम करते हैं। इस मंचन को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे, जिनमें विनोद वर्मा, उमेश अग्रवाल, शुभम गोयल, नवीन वर्मा, सुरेश वशिष्ठ और अन्य शामिल थे।

# महिला सभासद ने पूर्व विधायक का गिरेबान पकड़ा

## पालिका बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा, पूर्व विधायक के समर्थक ने सभासद को पीटा, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक हंगामे और बबाल की भेंट चढ़ गई। इस दौरान महिला सभासद ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी के पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह का गिरेबान पकड़ लिया तो वहीं पूर्व विधायक के समर्थक ने सभासद के साथ मारपीट की। यह सब घटना पुलिस के सामने ही हुई, पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी, थाने में ही पूर्व विधायक की हालत बिगड़ गई, जिस पर उन्हें तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बता दें कि बृहस्पतिवार को नगर पालिका कार्यालय में सुबह दस बजे से बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य समेत सभासद और पालिका लिपिक बैठे थे। चर्चा में प्रस्तावित गृहकर कम करने के प्रस्ताव को छोड़कर सभी प्रस्तावों को सभासदों ने अस्वीकार कर दिया। जिसके बाद सभासदों ने ईओ को एक छह बिंदुओ वाला प्रस्ताव पत्र कार्रवाई रजिस्टर में दर्ज कराने को कहा। इसी बीच पूर्व विधायक हरपाल सिंह बैठक में आ गए, महिला सभासदों ने कहा कि जब उनके पतियों को बैठक में नहीं आने दिया गया तो अध्यक्षा पति क्यूं आए? जिस पर ईओ ने कहा कि वे पालिकाध्यक्ष को लेने पहुंचे हैं, इस दौरान विवाद की स्थिति और भी ज्यादा बढ़ गई। वार्ड 21 की सभासद अंशु चौधरी ने पूर्व विधायक का गिरेबान पकड़ लिया, पालि. काध्यक्षा की भी सभासदों से नोंकझोंक हुई। पुलिस ने बमुश्किल इन्हें अलग अलग किया तो वहीं पूर्व विधायक के समर्थक ने बैठक सभागार में आकर भानपुर सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू के साथ मारपीट की। काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। यहां के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाने में ही पूर्व विधायक हरपाल सिंह की हालत बिगड़ गई और उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने मीडिया को बताया कि वे नगर पालिका के स्वच्छता प्रेरक भी हैं, वे बोर्ड बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक समाप्त होने के बाद जब वे अपनी पत्नी पालिकाध्यक्षा को लेने पहुंचे तो महिला सभासद ने उनका गिरेबान पकड़ लिया और जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया, रास्ते में सभासद पतियों ने भी घेर लिया। वहीं महिला सभासद वार्ड 21 अंशु चौधरी ने कहा कि पालिकाध्यक्षा के पति बैठक में आए और कार्रवाई रजिस्टर छीनकर ले जाने लगे। इस बात पर विरोध किया तो विवाद हुआ और पहले उन्होंने महिला सभासदों के साथ धक्का मुक्की और मारपीट की थी। उनके साथ कुछ और लोग कर्मचारी भी थे। वहीं भानपुर के सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानु चौधरी द्वारा सौंपी गई तहरीर में पालिकाध्यक्ष पति हरपाल सिंह, अमित व अजय पर मारपीट की आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने सभी पक्षों की तहरीरों पर जांच शुरू कर दी है। सभासद के साथ मारपीट करने के आरोपी को हिरासत में भी लिया गया है। वहीं दिन भर शहर में इसी घटना को लेकर चर्चा होती रही। मीडिया के साथ व्हाट्स ग्रुपों और सोशल मीडिया पर भी इन्हीं सब खबरों की जानकारी व वीडियो फ्लैश होते रहे।



गजरौला। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में विवाद को रोकने की कोशिश करती पुलिस।

### मार्च में हुई थी पिछली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बोर्ड की बैठक लगभग छह महीने बाद हुई थी। इससे पहले बैठक तत्कालीन ईओ दीपिका शुक्ला के समय पर हुई थी। वर्तमान ईओ ललित कुमार आर्य के समय में यह पहली बोर्ड बैठक थी। बैठक में गत बैठक की पुष्टि सहित तीस बिंदुओं को उल्लेखित किया गया था। उसमें एक गृहकर कम करने से संबधी बिंदु पर ही सभासदों की सहमति हुई, अन्य सभी बिदुओं को सभासदों ने खारिज कर दिया था। बता दें कि बैठक शुरू होते ही हंगामे की स्थिति बनने लगी थी। यही कारण रहा कि बैठक में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी जोगेन्द्र सिंह समेत कांस्टेबल पहुंच गए थे। पूर्व विधायक हरपाल सिंह का कहना था कि उन्होंने बीते दिन ही हंगामे व विवाद की आशंका के चलते पुलिस को लिखित में सूचना दी थी मगर महिला पुलिस नहीं भेजी गई।



गजरौला। सभासद के साथ मारपीट करने वाले युवक को रोकती पुलिस।



गजरौला। पालिकाध्यक्ष पति को थाने से सीएचसी ले जाते हुए।

### सभासदों ने एक दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद के सभासद अरकान आलम ने सभासद पतियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है तो वहीं मायापुरी के सभासद अरविंद कुमार ने अरकान आलम व दूसरे सभासद नफीस पर दो तीन लोगों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी। आरोप लगाया कि अरकान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## महिला सिपाही पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

### पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला सिपाही पर फब्बतियां कसने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया गया है।

सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि 24 सितंबर को कांस्टेबल पूजा, चरनजीत कौर आकाश मिशन शक्ति के संबंध में बुढ़नपुर के पास लोगों को जागरुक कर रहे थे। तभी एक महिला अपनी स्कूटी से बुढ़नपुर के पास से गुजर रही थी। इस दौरान बुढ़नपुर से सर्विस रोड पर एक व्यक्ति उस महिला को देखकर फब्बतियां कसने लगा और ओ लाल दुपट्टे वाली अपना नाम तो बता गाना गया। इस दौरान स्कूटी सवार महिला उसकी तरफ देखते हुए हाईवे की तरफ चली गई। जानकारी मिलते ही महिला पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गईं और आरोपी को दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अरबाज खान निवासी पतेई खालसा बताया। सीओ शक्ति सिंह के मुताबिक मामले में कांस्टेबल पूजा की शिकायत पर अरबाज खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बाद में उसका चालान कर दिया गया है।

## साइबर ठगों ने चालक से 21 लाख ठगे

### शेयर बाजार में मोटे फायदे का झांसा देकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शेयर मार्केट में फायदे का झांसा देकर चालक से 21 लाख रूपये ठग लिये गये। पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बंबूगढ़ पंडकी निवासी प्रभात सिंह पेशे से चालक हैं तथा टाटा मैजिक चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शहर में कांठ रोड स्थित खाद-बीज व कीटनाशक से संबंधित एक वेयरहाउस पर उनका आना-जाना रहता था। जहां एक दिन प्रभात की मुलाकात सोनू तिवारी नाम के एक युवक से हुई थी। आरोप है कि इस दौरान सोनू तिवारी ने शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। बताया जा रहा है कि सोनू कभी-कभार वेयरहाउस चेक करने के लिए वहां आता था। उसकी मंशा भांपने में नाकाम रहे प्रभात ने बताई गई एक कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर दो लाख 12 हजार 600 खाते में ट्रांसफर करा दिए। आरोप है कि इसके बाद सोनू तिवारी ने विश्वास जीतने के लिए गोरखपुर ले जाकर कंपनी के कथित सीईओ नीरज कुमार से मुलाकात कराई। नीरज कुमार ने भी प्रभात कुमार को लालच दिया। कहा कि कंपनी में मोटा पैसा लगाओगे तो तुम्हें एक क्रेटा मिलेगी। हर महीने 40 से 50 हजार रुपये की सैलरी आएगी। तीन साल के भीतर इन्वेस्ट की गई धनराशि दोगुनी हो जाएगी। बातों में आकर प्रभात ने 18.80 लाख रुपये नीरज कुमार द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद प्रभात के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई और फोन करने वाले शख्स ने खुद को कंपनी का कर्मचारी मुश्ताक अंसारी बताया और कहा कि नीरज कुमार आपका टारगेट कम बता रहे हैं। लिहाजा, कुछ पैसे और ट्रांसफर करने होंगे। इसके बाद प्रभात सिंह ने 80 हजार रुपये मुश्ताक अंसारी के खाते में यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करा दिए। पीड़ित प्रभात के मुताबिक तीनों आरोपियों ने आपस में सांठ-गांठ कर 21 लाख 600 रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**■ तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को निकाला

### पति समेत दस पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया गया। मामले में पति समेत दस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

शहर के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी मुरादाबाद जिले के कटघर थाना क्षेत्र के निवासी युवक के साथ 31 मार्च 2025 में की थी। आरोप है कि शादी के बाद ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कम सामान लाने के ताने देते हुए मायके से पांच लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि ननद और ननदोई घर आकर ससुराल वालों को भड़काते थे। तीन जुलाई को विवाहिता घर पर मौजूद थी। उसी दौरान मौका पाकर ससुर ने छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं विरोध करने पर मारपीट भी की। विवाहिता ने ससुर की हरकत जब पति व ससुराल के अन्य लोगों को बताई तो उन्होंने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता तभी से अपने मायके में पिता के घर रहती है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में पति समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## सीनियर 3000 मीटर दौड़ में आशु प्रथम व गौतम द्वितीय

### जूनियर वर्ग में मेजर अव्वल, जीतपाल का दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के शिव इण्टर कॉलिज, गजरौला में त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों की दौड़ प्रतियोतिगाएं आयोजित की गईं। दूसरे दिन शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य गगन अग्रवाल ने किया।

**सीनियर वर्ग :** 100 मीटर दौड़ में रहजम प्रथम व कैफ द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में मनीष प्रथम व रहजम द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में अभय शर्मा प्रथम व मुकुल द्वितीय,1500 मीटर दौड़ में अभय शर्मा प्रथम व मनीष द्वितीय एवं 3000 हजार मीटर दौड़ में आशु प्रथम व गौतम द्वितीय स्थान पर रहे।



**जूनियर वर्ग :** 100 मीटर दौड़ में विकास प्रथम व चुनमुन द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में तालिब प्रथम व सीताराम द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में अमन प्रथम व सचिन कुमार द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में सौरभ प्रथम व कृष्ण द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ में जीतपाल प्रथम व कृष्ण द्वितीय एवं 3000 मीटर दौड़ में मेजर प्रथम व जीतपाल द्वितीय स्थान पर रहे।

**सब जूनियर वर्ग :** 100 मीटर दौड़ में अभि प्रथम व भास्कर चौहान द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में अमन प्रथम व दीपांशु द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में अमन प्रथम व सचिन कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विशाल अग्रवाल, नरेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, नरेश दत्त शर्मा, कपिल कुमार ने सहयोग किया।

## शराब की दुकान में हुई चोरी का खुलासा

### एक गिरफ्तार, 24 पेटियां बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर पुलिस ने बीते सप्ताह अतरासी चौकी के नजदीक शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। मामले में बिजनौर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शराब की दुकान से चोरी की गई 24 पेटी व घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो बरामद करने का दावा किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। बरामद शराब की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बीते शुक्रवार की रात चोरों ने अतरासी से अमरोहा से जोड़ने वाली सड़क पर स्थित शराब की कंपोजिट दुकान से 65 पेटी शराब चोरी कर ली थी। अतरासी चौकी से 200 मीटर के फासले पर नकब लगाकर अंजाम दी गई वारदात से थाना पुलिस में हड़कंप मच गया था। मामले में बुलंदशहर निवासी शकीला बेगम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से चोरों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में बिजनौर जिले के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल निवासी दिनेश की गिरफ्तारी की गई है। चेकिंग के दौरान उसकी स्कॉर्पियो से विभिन्न ब्रांड की 24 पेटी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी दिनेश ने शराब की दुकान में चोरी करना स्वीकार किया है। बरामद शराब की कीमत करीब तीन लाख रुपये है, कोर्ट में पेशी के दौरान रिमांड मंजूर होने पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### तंवर ने जीएसटी के बारे में की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने बाजार भ्रमण कर दुकानदारों को जीएसटी के बारे में जानकारी दी। बचत उत्सव के अन्तर्गत उन्होंने जीएसटी के बारे में दुकानदारों से वार्ता की। साथ ही जिन वस्तुओं पर जीएसटी में छूट दी गयी है उस पर भी चर्चा हुई। उन्होने कहा कि जीएसटी कम होने से लोगों पर मंहगाई का भार कम पड़ेगा। जबकि त्यौहारों में भी उनकी खुशी दोगुनी होगी। इस मौके पर मनोज शर्मा, मुदित गुर्जर, राजपाल सैनी, महेश खड़गवंशी, अशोक नागर, अभिनव कौशिक, पिंटू गुर्जर, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीएम आवास के लाभार्थियों से मिले मलिक



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने पैदल घूमकर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में दुकानदारों व लोगों से संवाद किया। राज्यमंत्री केपी मलिक आज कस्बे पहुंचे जहां उन्होंने दुकानदारों से संवाद करते कहा कि केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में बदलाव किया है ताकि इसका लाभ जनता को मिल सके। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर चेयरमैन जुबैर अहमद, उदय गिरि गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह, ईओ विपिन कुमार सेंगर, सीमा चौधरी, तेजपाल सिंह, शुभम चौधरी, जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली रामबारात



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** भक्तों द्वारा भगवान राम की बारात धूमधाम से निकाली गयी। जिसका पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। रामबारात का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर द्वारा किया गया। बारात पादाजी के मन्दिर से शुरू होकर मुख्य बाजार, अम्बेडकर मूर्ति, संभल मार्ग, घंटाघर होते हुए रामलीला मैदान पर आकर समाप्त हुई। लोगों ने पुष्प वर्षा से राम बातार का स्वागत किया जबकि सैनी चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन, परशुराम, ऋषि विश्वामित्र, भारत माता की सुन्दर झांकियां सजी थीं। इस मौके पर चेयरमैन हसनपुर राजपाल सैनी, अभिनव कौशिक, सत्यम गुप्ता, विकास सैनी, सुभाष सैनी, राजीव वर्मा, बब्लू, कुलदीप अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रबंधक पर छात्र से मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक इंटर कॉलेज के प्रबंधक पर छात्र ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने जांच करके आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर उर्फ साहबपुर निवासी छात्र कपिल कुमार तिगरी मार्ग स्थित एक इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। आरोप है कि कॉलेज के प्रबंधक ने कपिल कुमार के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। कहा कि यदि टीसी पर रेड मार्किंग कर दी तो कहीं भी एडमिशन नहीं होगा। छात्र ने कॉलेज प्रबंधक के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली चोरी में सभासद ने की राजनीति

### अपने समर्थकों को बचाया, विरोधियों को फंसाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बिजली विभाग की लूट खसोट से नागरिक बेहाल हैं। जेई के नेतृत्व में पांच दर्जन घरों में बिजली चोरी पकड़ी गयी थी। अवर अभियंता ने बीस-बीस हजार रूपये की रिश्वत लेकर ज्यादातर मामले निपटा दिये। परन्तु सभासद ने अपने राजनीतिक एक दर्जन विरोधियों को सबक सिखाने की नियत से विभाग से नोटिस जारी करा दिये।

बताते चलें कि नगर में आये दिन बिजली विभाग द्वारा चैकिंग की जा रही है। कभी बिजिलेंस तो कभी स्थानीय जेई या फिर संविदा कर्मियों के द्वारा चैकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं की जेब ढीली की जा रही है। दो दिन पूर्व जेई के नेतृत्व में नगर के एक मोहल्ले में 60 से 70 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गयी थी। बिजली विभाग की छापेमारी के बाद लोगों में हड़कम्प मच गया तथा आनन फानन में दलालों के माध्यम से बीस हजार रूपये प्रति उपभोक्ता रिश्वत लेकर मामले को रफा दफा कर दिया गया। इस खेल में इस मोहल्ले के सभासद की अहम भूमिका रही। उसी के हाथ से बिजली विभाग के जेई को रिश्वत दी गयी। एक ही छापेमारी में बिजली विभाग के कर्मियों के लाखों के वारे न्यारे हो गये। सभासद ने बिजली चोरी में राजनीतिक खेल कर दिया तथा जिन लोगों ने उसे चुनाव में वोट नहीं दिये थे उनके मामले जेई से साठगांठ कर नहीं निपटाये। चर्चा है कि उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी है। नागरिकों का आरोप है कि बिजली विभाग छापेमारी में भेदभाव बरत रहा है। केवल मुस्लिमों को टारगेट किया जा रहा है। दो दिन पूर्व लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने अपने आवास पर बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर भ्रष्ट बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये थे। परन्तु श्री अली की चेतावनी का भी बिजली विभाग पर कोई असर नहीं हुआ।

# बिन ब्याही मां ने नवजात शिशु को कूड़े के ढेर में फेंका

## पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बिन ब्याही मां द्वारा नवजात शिशु को कूड़े के देर में फेंके जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खाने में लग गई।

गुरुवार की तड़के किसी समय नगर के मोहल्ला काला शहीद पूठ अड्डे पर ट्रांसफार्मर के समीप कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु पड़ा हुआ था। कूड़ा उठा रहे सफाई कर्मचारियों की नजर जब प्लास्टिक की बोरी में बंद नवजात शिशु पर पड़ी तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। कुछ देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में कोतवाल प्रेमपाल सिंह क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी को देखने का प्रयास किया लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सकी। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी बिन ब्याही मां ने अपना पाप छुपाने के लिए इस कार्य को अंजाम दिया है। शिशु लड़का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चारों ओर एक ही बात की चर्चा थी कि किस जालिम मां इस कार्य को अंजाम देकर अपने कलेजे के टुकड़े को कुत्तों को खाने के लिए कूड़े के ढेर में फेंक दिया। घंटों तक घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा रही।

## बाइक चालक घायल

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव निवासी रूपचंद अपनी बाइक पर सवार होकर घर वापस जा रहे थे। रास्ते में शाहपुर कलां एवं डगरोली के बीच किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रूपचंद अपनी बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल रूपचंद को तुरंत एक निजी एंबुलेंस से नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है। परिजनों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।।

# पांच अवैध अस्पतालों की ओटी सील

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में मोहल्ला कालाशहीद पर गुरुवार की सुबह नवजात शिशु का सब मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने पूठ रोड पर अवैध रूप से चल रहे अस्पताल एवं क्लिनिकों पर छापेमारी की। जिससे क्लीनिक एवं अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। पांच अस्पतालों की ओटी सील कर दस्तावेज मांगे गये हैं। गुरुवार को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर धुर्वेन्द्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर में चल रहे अवैध रूप से क्लीनिक एवं अस्पतालों पर छापेमारी की गई है। जहां स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से झोलाछापों में हड़कंप मच गया। वहीं नोडल अधिकारी डॉक्टर धुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम हिंद नर्सिंग होम, गुलशन नर्सिंग होम, शिवकेश हैल्थ केयर सेंटर, आस्था हेल्थ केयर सेंटर, जर्रा हेल्थ केयर सेंटर की ओटी सील कर दी गई है। जिसमें जर्रा हैल्थ केयर सेंटर को पूरी तरीके से सील किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संचालको से दस्तावेज दिखाये जाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। अगर दस्तावेज पर्याप्त नहीं होते हैं तो विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उधर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के बाद झोलाछाप क्लिनिक तथा अस्पताल संचालकों में हड़कंप पहुंच गया। जहां कुछ अस्पताल संचालक को अपने अस्पतालों को बंद कर ताला लगा कर फरार हो गये। डॉ धुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा और बगैर रजिस्ट्रेशन किसी भी अस्पताल को नहीं चलने दिया जायेगा।

## फार्मेसी डे पर लगा स्वास्थ्य कैम्प




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। अमर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरुवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक अनीता सैनी और प्रबंधक अशोक सैनी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निर्देशिका अनीता सैनी ने कहा फार्मासिस्ट मरीज और दवा के बीच की कड़ी है। समाज को स्वस्थ बनाए रखने में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हेल्थकेयर में फार्मासिस्ट कितनी बड़ी जिम्मेदारी निभाते हैं। प्रबंधक अशोक सैनी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा फार्मासिस्ट सिर्फ दवा देने वाला नहीं बल्कि मरीज की सुरक्षा का प्रहरी होता है। इस अवसर पर डॉ. अशोक कटारिया, डॉ. दिशांत पंवार, डॉ. तान्या पंवार, डॉ. रूपा, मौजूद रहीं।

# साफ-सफाई रखने से दूर होंगी बीमारियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका अध्यक्षा शशि जैन ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि नगर को साफ सुथरा बनाये। सफाई से बीमारियों का खतरा नहीं रहता जबकि शरीर भी स्वस्थ रहता है। नगर पालिका एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तत्वाधान में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान चलाया गया। इस दौरान गांधी मूर्ति, रेलवे स्टेशन, टीपी नगर चौराहा आदि पर सफाई की गई। इस मौके पर बोलते चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है के भाव से हम सभी को अपने आस-पास विशेष सफाई रखनी चाहिये। इसके लिये हमें अपने पड़ौसियों को भी प्रेरित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि हमारे आस-पास गंदगी जमा है तो इससे हमारे बीमार होने का अधिक खतरा बढ़ जाता है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि नगर को साफ सुथरा बनाने में अपना सहयोग दें। लोगों को साफ के प्रति जागरूक करें। घरों का कूड़ा नालियों में बहाने से हमें ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अच्छी सेहत का राज भी सफाई में ही छिपा है। यदि हम बीमार है तो किसी भी काम में सफलता हासिल नहीं कर सकते। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि नगर को साफ सुथरा बनाने में सहयोग दें। इस मौके पर नदीम अख्तर तथा वार्ड सभासद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। 33वीं वाहिनी एनसीसी अमरोहा के कर्नल गौतम राय के आदेश पर भागीरथी देवी महाविद्यालय में स्वच्छता उत्सव 2025 के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। हवलदार मनोज कुमार के निर्देशन में कैडेट्स ने शुगर मिल बाईपास और कमालपुर में फैली गंदगी को साफ कर नियत स्थान पर डाला। इस अभियान में भागीरथी देवी महाविद्यालय, वाईएमएस डिग्री कॉलेज, बाबा हरदेव सिंह डिग्री कॉलेज और गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के कैडेट्स ने उत्साह से श्रमदान किया। मौके पर लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, लेफ्टिनेंट अनिल कुमार, केयरटेकर नीरज गहलोत व डॉ. अवनीश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### लावारिस खड़ी स्कार्पियो से लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर में अंबेडकर पार्क स्थित सरकारी अस्पताल रोड पर एक स्कूल बस के सामने लावारिस हालत में खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने भीषण जाम लगा दिया। इस जाम के चलते छुट्टी के समय आधे घंटे तक स्कूल बस और अन्य वाहन बाहर नहीं निकल पाये। जिसके कारण भीषण गर्मी में स्कूल के अंदर बच्चों का बुरा हाल हो गया। स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और तुरंत गाड़ी के मालिक का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू की।

### दुर्घटना में सीएचओ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार कर स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ को घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सहेलियां में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ यक्षा शालिनी अपनी ड्यूटी पूरी कर स्कूटी से अपने आवास, हसनपुर नगर की ग्रीन सिटी लौट रही थीं। यह हादसा सहेलियां रझोहा मार्ग पर हुआ है। इस दौरान एक बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे सीएचओ गंभीर रूप से घायल हो गईं। घ्घायल को तुरंत हसनपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### 17 लोगों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े का रंग गुरुवार को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा में अलग ही नजर आया। यहां आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर ने न सिर्फ लोगों को सेवा का महत्व बताया, बल्कि समाज को स्वास्थ्य और जीवन रक्षा का संदेश भी दिया। शिविर का शुभारंभ विधायक राजीव तरारा ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। शिविर में भाजपा नेता सूरज अग्रवाल, राहुल चौहान, अमन अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी सहित कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### छात्राओं को समझाया कानून का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फूलपुर बिजलपुर की छात्राओं ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ हसनपुर कोतवाली का दौरा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी देना और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। कोतवाली पहुंचने पर प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### सानिया व सिमरन ने जीती प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज के सभागार में नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ सिक्योरिटीज मार्केट(निस्म) के सहयोग से दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में निस्म की ओर से निर्धारित प्रशिक्षक श्री मोरिस कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय मामलों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डॉ0 रिजवाना कुलसुम ने कहा कि प्रतिभागियों को जो ज्ञान इस कार्यक्रम के माध्यम से मिला है, वह उनके जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम के प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सानिया व सिमरन खान ने प्रथम, अलिशा खातून व अंजना ने द्वितीय एवं अनमता एवं मिश्बा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

# व्यापारियों को जीएसटी के प्रति किया जागरूक

## नवीनीकरण व सरलीकरण की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी के नवीन और सरल प्रावधानों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर पालिका में जीएस टी बचत उत्सव के तहत बाजार भ्रमण एवं व्यापारी संवादश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। जिन्होंने व्यापारियों को जीएसटी में हुई घटी जीएसटी मिला उपहारश बचत के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने नगर के बाजारों का भ्रमण किया और व्यापारियों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने व्यापारियों को पुष्प भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और जीएसटी के सरलीकरण एवं नवीनतम प्रावधानों से जुड़ी विस्तृत जानकारी वाले पत्रक वितरित किये। उन्होंने इस दौरान गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं का नारा भी बुलंद किया। जिसका उद्देश्य स्थानीय और स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने भी व्यापारियों को सरकार की नीतियों से हो रहे लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी से व्यापार करना अब पहले से कहीं अधिक सरल और पारदर्शी हो गया है। जिससे छोटे और बड़े सभी व्यापारियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में देश के आर्थिक विकास को नई गति मिल रही है। घ्कार्यक्रम में नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी जी, सभासद नितिन सैनी, श्याम आर्य, राजपाल सैनी जी, मोसिन, दीपक सिंह के साथ-साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जैसे मुकेश गुप्ता, संजय सहदेव,अर्पण गुप्ता, विशाल वर्मा,विक्रांत शर्मा, अरविंद अन्ना, संजीव सैनी, उमेश कुमार, पंकज भटनागर, प्रवीण प्रजापति, कृष्ण सिंह एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। एक दिन एक घंटा एक साथ कार्यक्रम के तहत पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मियों के साथ नगर में सफाई अभियान चलाने का शुभारंभ कर दिया। राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम अभियान की सफलता के लिए पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने सफाई कर्मचारियों की टीम के साथ नगर पालिका के गेट से एक देश एक घंटा एक साथ कार्यक्रम के तहत अभियान का शुभारंभ कर दिया। पालिक.ाध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि वह प्रतिदिन स्वयं अधिशासी अधिकारी के साथ पालिका की टीम को लेकर एक घंटा सफाई अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी अजयपाल, दिनेश कुमार, करन सिंह, शारिक अली आदि मौजूद थे।

# फार्मासिस्ट समाज के सच्चे स्वास्थ्य रक्षक

## जय शिव कालेज में धूमधाम से मना फार्मेसी दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जय शिव कालेज आफ फार्मेसी एण्ड रिसर्च सेंटर बुडेरना में विश्व फार्मेसिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या देवेन्द्र सिंह ने कहा कि फार्मेसिस्ट समाज के सच्चे स्वास्थ्य रक्षक है। उनकी भूमिका रोगियों के जीवन को सुरक्षित बनाने की है। चारू शर्मा ने कहा कि फार्मेसिस्ट समाजिक जीवन में आने वाली जिम्मेदारियां के प्रति हमेशा सचेत रहे। उन्होंने कहा कि फार्मास्टि का मुख्य काम पूरी तत्परता से मरीज की सेवा करना है। इस दौरान फार्मा स्विज, पोस्टर, रंगोली, लेखन, माडल आदि प्रतियोगिताएं भी करायीं गयीं। जिसमें विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आकाश कुमार, वर्षा सैनी, अनमता अनवर, लोकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# एमडीए ने अवैध प्लॉटिंग पर चलाई जेसीबी

## अवैध रूप से नहीं होने दी जाएगी प्लॉटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने नगर के दो स्थानों पर अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वालों में खलबली मच गई।

बृहस्पतिवार को एमडीए की टीम ने मुकेश कुमार व गौरव द्वारा फौंदापुर रोड पर की जा रही 12 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यहां के अलावा एमडीए की टीम कुमराला चौकी के समीप कृपानाथपुर में चरन सिंह की 05 बीघा भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। एमडीए की टीम की कार्रवाई से खलबली मच गई। बता दें कि गजरौला में अब एमडीए की ओर से मास्टर प्लॉन लागू है। यही कारण है कि एमडीए द्वारा बिना नक्शा पास कराए की जा रही प्लॉटिंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम का नेतृत्व जेई राजीव कुमार ने किया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक दिन की एसडीएम बनी लक्ष्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। महिला सशक्तिकरण को नया आयाम देते हुए तहसील गुरुवार को महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व की मिसाल बनी। एक खास पहल में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा लक्ष्मी को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन की एसडीएम बनाया गया। यह अभिनव कदम एसडीएम विभा श्रीवास्तव की पहल पर उठाया गया, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था में नई सोच और महिला नेतृत्व का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। लक्ष्मी ने तहसील पहुंचते ही ना केवल अधिकारियों से मुलाकात की, बल्कि फरियादियों की शिकायतें भी गंभीरता से सुनीं। गांव लखमिया निवासी देवेंद्र सिंह की पैमाइश संबंधित शिकायत पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए हल्का लेखपाल को मौके पर भेजा और समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

## कफील का मंडलीय क्रिकेट टीम में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। राजकीय अम्बेडकर इंटर कालेज के कक्षा 12 के छात्र कफील का चयन मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य मधु रानी ने बताया कि मोहल्ला सादात निवासी चमन हैदर के पुत्र कफील का चयन मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में होने से खुशी की लहर है। उन्होंने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि वह भी मौहम्मद शमी की तरह जिले का नाम रौशन करेगा। मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता अगले सप्ताह रामपुर में आयोजित की जायेगी।

# श्री राम की बारात ने मन मोहा

## श्री राम लक्ष्मण सहित शामिल रहीं झांकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के अवंतिकानगर में स्थित स्व.रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में आयोजित हो रही रामलीला में बृहस्पतिवार को भगवान राम की बारात बाजे गाजों व मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने राम बारात का स्वागत किया।

बृहस्पतिवार की शाम को समिति के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण की आरती उतारकर बारात को रवाना किया। राम बारात कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर अग्रसेन मार्केट, हनुमान मंदिर, टीचर्स कॉलोनी, इंदिरा चौक, बाईपास होते हुए वापस पार्क पर पहुंची। बारात में श्री राम और लक्ष्मण सहित ऋषि वशिष्ठ, राजा दशरथ, विश्वामित्र, भरत और शत्रुघ्न की झांकिया शामिल रहीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। वहीं बारात के पार्क में पहुंचने के बाद देर रात प्रभु श्रीराम और सीता सहित चारों भाइयों का विवाह मंच पर संपन्न कराया गया। देर रात तक दर्शकों ने रामलीला देखी। इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, प्रबंधक डा. आशुतोष भूषण शर्मा, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, सुबोध कुमार सिंघल, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल, राहुल गोयल, देवेश शर्मा, प्रेमशंकर, यश अग्रवाल, कनिष्क भूषण शर्मा, ग्रीश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा सेवाओं में फार्मेसी का अहम योगदान: रूचि बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्याल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025 पर 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगौष्ठी एवं पोस्टर/मॉडल प्रदर्शनी व

**■ वेंक्टेश्वरा विवि में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

नुक्कड़ नाटक का शुभारम्भ राजस्थान विश्व. विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.एसआर मालू, मोनार्क साईन्टिफिक के हेड निशान्त सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, गलेक्सो इण्डिया के सीमान्त सक्सेना, औषधि निरीक्षक रूचि बंसल, चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कमार दास, कुलपति डॉ.कृष्ण कान्त दवे, डीन फार्मेसी डॉ.ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ.दर्पण कौशिक आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि/वक्ता



औषधि निरीक्षक रूचि बंसल ने कहा कि प्रभावी चिकित्सा एवं स्वास्थय सेवाओ में फार्मेसी का बेहद अहम रोल है। पूरे विश्व में प्रत्यश रूप से 50 लाख से अधिक एवं अप्रत्यश रूप से 6 करोड़ से अधिक लोग फार्मा इंडस्ट्री से जुडे है। इसीलिए फार्मा सेक्टर में जहां सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी संस्थानो में लाखो सम्मानित रोजगार के अवसर है, वही दूसरी ओर इसमें स्वरोजगार की भी ढ़ेरो सम्भावनाऐ निहित है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि बात चाहे आम स्वास्थय सेवाओ की हो या कोविड जैसी वैश्विक महामारी की फार्मासिस्ट ने उपचार, देखभाल से लेकर ग्लोबल वैक्सीनेशन तक डॉक्टर्स के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर इस महामारी को हराने का काम किया। एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार को कुलपति प्रो.कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0 पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ.राज. ेश सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। डीन फार्मेसी ओमप्रकाश ने सभी छात्र–छात्राओ को स्वास्थ सेवा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिला हॉस्पिटल के चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार दास, प्रो.अंजलि भारद्वाज, डॉ.धीरज दुबे, डॉ. आदित्य शर्मा, मंजू रानी, पंकज गिल, रवि सैनी, रेनू, गुरूजीत सिंह, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ.अमित कुमार, डॉ.फुरकान, अभिषेक सुमन, मेरठ परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## प्रज्ञा सिंह का गृह मंत्रालय में एएसओ पद पर चयन



**गजरौला।** नगर के मौहल्ला अवंतिकानगर निवासी भीम सिंह चौहान की पुत्री प्रज्ञा सिंह ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में ऑल इण्डिया स्तर पर 1258 रैंक प्राप्त करके भारत सरकार के गृह मंत्रालय में दिल्ली में एएसओ पद ज्वाईन किया है। प्रज्ञा को मिली इस सफलता पर परिवार के लोगों में उल्लास का माहौल है। बता दें कि प्रज्ञा के पिता जुबिलेंट इन्ग्रेविया लि0 से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।

## डीआईजी ने किया मिशन शक्ति कक्ष का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डीआईजी मुनिराज जी ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रति पुलिस को तुरन्त कार्रवाई करनी चाहिए। डिडौली कोतवाली में डीआईजी मुनिराज जी ने मिशन शक्ति कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि अपराध से पीड़ित कोई भी महिला या पीड़ित कोतवाली आती है तो कक्ष के माध्यम से उसे जागरूक किया जायेगा। जबकि समस्या को भी गंभीरता से सुना जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों के प्रति पुलिस सख्त रूख अपनाये तथा तुरन्त कार्रवाई करे। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी हरीश वर्धन भी मौजूद रहे।

# हथियारों से लैस युवकों का बारात पर हमला

### दूल्हे की बेरहमी से पिटाई कर फोड़ा सिर, पुलिस ने संभाली स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बारात चढ़त के दौरान एक दर्जन से अधिक युवकों ने दूल्हे को बग्गी से खींचकर बुरी तरह से मारपीट करते हुए उसका सर फाड़ दिया। दूल्हे के साथ मारपीट होने से बारात में भगदड़ मच गई। गंभीर हालत में दूल्हे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

थानासैदनगली क्षेत्र के गांव ऊपर वाला तरारा निवासी आकाश पुत्र वीर सिंह की बारात गुरुवार की शाम क्षेत्र के ही गांव सोहत निवासी रामपाल सिंह के घर गई थी। शाम 6:00 बजे के समय डीजे पर बारात



चल रही थी। शाम 6 बजे के करीब एक दर्जन युवक हाथों में साइकिल की चेन लोहे के कड़े चाकू लेकर पहुंच गये दूल्हे को बाजी से खींचकर उसे पर जानलेवा हमला कर दिया। जब तक डीजे पर डांस कर रहे बारातियों की नजर पड़ती तब तक हमलावरों ने दूल्हे का कर फाड़ दिया तथा उसका कोट पेंट भी फाड़ दिया। दूल्हे की पिटाई होता हुआ देखकर बराती जब उधर को चले तो हमलावर वहां से दूल्हे को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। दूल्हे के साथ सरेराह मारपीट होने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। दूल्हे के पिता वीर सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम गांव का एक युवा बारात में हंगामा करने की धमकी देकर गया था। धमकी देने वाले युवक की दूल्हे के साथ मारपीट करने में साजिश है। सैदनगली थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया पुलिस को मौके में भेज दिया गया है। दूल्हे को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करा दिया गया है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। वही दूल्हे के पिता वीर सिंह ने बताया कि बेटे का उपचार कराने के बाद वह उसकी ससुराल जाएंगे तथा फेरे लेने के बाद बारात को अपने घर लेकर जाएंगे। बारात में दूल्हे के साथ सरेआम मारपीट होने से युवती पक्ष के लोग भी हलकान हैं। वधू पक्ष के लोग उपचार होने के बाद दूल्हे के वापस आकर फेरे लेने का इंतजार कर रहे थे

# पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा के कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने राष्ट्रहित के लिए भारतीय जनसंघ की स्थापना की। हमें उनके विचारों का आत्मसात करना चाहिए।

बृहस्पतिवार को एमडीए कॉलोनी में स्थित आवास/कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनवृत पर विस्तार से रोशनी डाली और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उनके विचारों का आत्मसात करें और समाज में उनके विचारों का प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर

### विधायक राजीव तरारा के आवास पर हुआ कार्यक्रम



गजरौला के पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र चौधरी उर्फ लालू, सुरेन्द्र औलख, हरेन्द्र सिंह, पवन चौधरी, सत्यपाल पाल, सचिन त्यागी, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू, वैभव गोयल, कमल कुमार, रामकृष्ण चौहान, जितेन्द्र सैनी, गौरव सागर, अक्षय भारती, सूरज सिंह पाल मौजूद रहे।

# बेस्ट क्रॉप कम्पनी को बंद करने के आदेश

### गैस रिसाव के बाद पर्यावरण अधिकारी ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर मुख्य पर्यावरण अधिकारी ने नगर की बेस्ट क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब शीघ्र ही यहां पर विभाग द्वारा सील की कार्यवाही की जाएगी।

बता दें कि 22 सितंबर की रात को नगर की बेस्ट क्रॉप कंपनी से गैस रिसने की घटना हुई थी।पांच घंटों तक लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। अल्लीपुर में कई लोगों की तबियत बिगड़ गई थी। रात को ही एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, एफएसओ कमलेश मिश्रा, ईओ ललित कुमार आर्या मौके पर पहुंच गए थे। गैस रिसाव की बड़ी घटना के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने भी कंपनी का जायजा लिया था और रिपोर्ट बनाकर अपने विभाग को भेजी थी। इस रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए मुख्य पर्यावरण अधिकारी रामगोपाल ने बेस्ट क्रॉप कंपनी को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। फैक्ट्री की बिजली व पानी के कनेक्शन भी काटने के निर्देश दिए हैं। शीघ्र की कम्पनी पर सील की कार्रवाई होगी। बता दें कि कुछ समय पूर्व भी इसी कंपनी द्वारा गैस रिसाव करने का मामला सामने आया था।

# जांच को पहुंची क्राइम ब्रांच पर छोड़े कुत्ते

**अमरोहा।** लाजपतनगर निवासी कारोबारी वसीम और बासित अली के घर से डेढ़ करोड़ के जेवरात, कागजात व लाइसेंसी पिस्टल चोरी के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। जांच कर रही क्राइम ब्रांच टीम जब घटनास्थल चौधरपुर स्थित फैक्ट्री पहुंची तो फैक्ट्री कर्मियों ने गेट नहीं खोला, पुलिस से सीढ़ी छीन ली और यहां तक कि टीम पर कुत्ते छोड़ दिए। मामले में इंस्पेक्टर अभितेंद्र सिंह की तहरीर पर नौ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के लाजपतनगर निवासी कारोबारी वसीम और बासित अली ने अजीम, अब्दुल रब, अब्दुल हई, अब्दुल सुबूर आदि के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि अजीम व अन्य के द्वारा वसीम और बासित अली के घर के ताले तोड़कर डेढ़ करोड़ के कीमती जेवरात, जरूरी कागजात, लाइसेंसी पिस्टल चोरी कर लिए गए थे। कुछ दिन जांच डिडौली पुलिस द्वारा की गई। इसके बाद मामले की जांच डीआईजी के निर्देश पर मुरादाबाद क्राइम ब्रांच ट्रांसफर हो गई थी। वर्तमान में मुकदमे की विवेचना मुरादाबाद क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अभितेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है। बीती 14 सितंबर की शाम क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर वादी को साथ लेकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के चौधरपुर स्थित फैक्ट्री आए थे। उनके साथ सिर्फ दो कांस्टेबल थे। कर्मियों ने किसी सूरत फैक्ट्री का गेट नहीं खोला था। इतना ही नहीं टीम ने सीढ़ी लगाकर जब अंदर जाने की कोशिश की थी तो फैक्ट्री कर्मी उनसे सीढ़ी छीन ले गए थे। टीम पर कुत्ते छोड़ दिए थे। डिडौली कोतवाली में सूचना देते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा था। इसके बाद अंधेरा होने पर टीम बिना जांच किए बिना बैरंग लौट गई थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले में 11 दिन बाद मुरादाबाद क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अभितेंद्र सिंह ने डिडौली कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में अब्दुल अजीम के अलावा उसके बेटे अब्दुल हई, अब्दुल हादी, अब्दुल सबूर व अब्दुल रब के अलावा फैक्ट्री कर्मी नदीम खान, शहीद खान, नेत्रपाल सिंह आदि थे।

### धनौरा पुलिस ने दबोचा ट्रक खिड़की तोड़ गिरोह

**मंडी धनौरा।** सीओ अंजलि कटारिया के निर्देशन में गुरुवार को गजरौला–चांदपुर स्टेट हाईवे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 8 चोरी के मोबाइल और दिल्ली से चोरी की एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई। सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि आरोपी बृजघाट, गजरौला, डिडौली, मुरादाबाद बाईपास और धनौरा–चाँदपुर रोड पर खड़े ट्रकों की खिड़की तोड़कर मोबाइल चुराते थे। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक रवि कुमार और पुलिसकर्मी अरविन्द, राहुल, विकास, अंकुश व कुलदीप शामिल रहे।

# सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री की तस्वीर छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सोशल मीडिया पर संवेदनशील सामग्री को लेकर एक बार फिर मामला सामने आया है। बुधवार शाम सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव जोगराजपुर के एक मुस्लिम लड़के ने मुख्यमंत्री के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक वीडियो अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल कर दी थी। इस घटना से लोगों में भारी नाराजगी देखी गई और पुलिस अलर्ट हो गई। सीएम की आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठन के लोगों ने इसका कड़ा विरोध जताया। मामले में क्षेत्र के ही गांव पटिहन निवासी अवलोक कुमार की ओर से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बलदेव सिंह औलख ने जनता किसानों एवं उद्यमियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उप्र, बलदेव सिंह औलख ने गांधी स्टेडियम में स्वदेशी कृषि मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक किया। स्वदेशी मेले में उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते करते हुए कहा कि हमे अपने देश एवं प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी की ओर बढ़ना होगा। हमारे छोटे एवं बड़े व्यापारियों को इससे लाभ होगा और हमारे देश को आत्मनिर्भर बनाने में मजबूती मिलेगी। उन्होंने गांधी स्टेडियम से तारा टावर तक पैदल भ्रमणकर व्यापारियों को जीएसटी के सम्बन्ध जानकारी दी। उन्होंने मेले में लाभार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की। उन्होंने व्यापारियों से मुलाकत करते हुये महेश चन्द्र हॉस्पिटल, टीवी फ्रिज शोरूम, तारा टावर, वीना मेडिकल स्टर सहित अन्य दुकाने पर जीएसटी से सम्बन्धित पम्पलेट चिपकाऐं। उन्होंने गांधी स्टेडियम में लगी प्रदर्शनी का भ्रमणकर परिसर में पौधारोपण किया। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित में जीएसटी की दरों पर बहुत बड़ा फैसला लिया है। यह फैसला 22 सितम्बर, 2025 को पूरे देश में लागू किया जा चुका है। 56 वीं जीएसटी काउंसिल बैठक ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जो 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद का सबसे बड़ा बदलाव है। अब देश में सिर्फ दो दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू होंगी। विलासिता और लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर रखी गई है। जीएसटी रिफार्म के माध्यम से 50 करोड़ परिवारों को तक सस्ती साम्रगी पहुचाने का कार्य किया है। दूध, पनीर, शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट जैसी रोजमर्रा की चीजें अब केवल 5 प्रतिशत या शून्य दर पर होगी। हमारी सरकार शिक्षा को सर्वाधिक महत्व देती है इसलिए कॉपियां, पेंसिल, नोटबुक और बच्चों की सामग्री अब पूरी तरह कर–मुक्त रखी गयी है। आमजन के स्वाथ्य को ध्यान में रखते हुए जीवन बीमा अब पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष समेत तमाम जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उपयुक्त ने नाम पर प्रधानों से लाखों की वसूली की प्रधानों ने बताई हकीकत बताया विरोधियों की साजिश

**पूरनपुर।** मनरेगा से हुए काम में भ्रष्टाचार शासन स्तर पर हुई शिकायत की जांच के लिए पहुंचे ग्राम विकास उपायुक्त महेंद्र कुमार के नाम पर प्रधानों से ब्लॉक कर्मियों द्वारा लाखों की उगाही की अफवाह कुछ लोगों द्वारा जांच को प्रभावित करने के लिए फैलाई गई। इस संबंध में जब संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों से जानकारी ली गई तो उन्होंने इसको कुछ विरोधियों द्वारा फैलाई गई अफवाह बताया। प्रधानों का कहना है ग्राम पंचायतों में हर कार्य नियम से किया गया है फिर पैसे किस बात के देंगे, कुछ विरोधियों ने हमारी ग्राम पंचायतों को बदनाम करने के मकसद से यह वसूली की अफवाह उड़ाई है। कुछ माह पहले मनरेगा से हुए कामों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शासन स्तर पर शिकायत की गई थी। शासन स्तर ने शिकायत पर जांच बैठाई। मंगलवार जांच करने लखनऊ से ग्राम विकास विभाग उपयुक्त महेंद्र कुमार पहुंचे। उनके आने से पहले ही कुछ लोगों प्रधानों से जांच के नाम पर धन उगाही की अफवाह फैला दी गई, जबकि जांच करने पहुंचे उपयुक्त ने सभी ग्राम पंचायतों में जांच की। उपयुक्त द्वारा पूरनपुर ब्लॉक के गांव बैल्हा, शांति नगर, नवदिया दुर्जनपुर, गढ़ा कला, दौलतपुर तालुल्के चांदपुर, बुढ़िया जमीमा इटौरिया, सेहरामऊ उत्तरी, रघुनाथपुर, सिकराना, ढक्का चाट ग्रांट नंबर 21, सुखदासपुर नवदिया, कबीरगंज, पड़रिया बंजरिया, भायपुर, बूंदीभूड़, देवीपुर, शेरपुर कला, धनेगा, सिमरा ताल्लुके महाराजपुर, ढकिया केसरपुर, पिपरिया मझारा, केसरपुर कला, अजीतपुर बिल्हा, बिधिपुर, हरिपुर कला, शाहबाजपुर, दूधिया खुर्द, धर्मापुर खुर्द गुलड़िया खास आदि पंचायतों की जांच की गई।

# संस्कृति में अनेक कार्यक्रमों के साथ मना आयुर्वेद दिवस

eFkjkA संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल द्वारा सात दिवसीय आयोजनों के साथ 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान बॉडी पेंटिंग, डिबेट. प्रकृति व्याख्या, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, आयुर्वेद आहार, क्विज, रील मेकिंग, मिनी एक्सपो का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की टीम ने गांव–गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

10वें आयुर्वेद दिवस पर विवि के संतोष मैमोरियल हाल में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन आयुर्वेदिक फार्मोकोपियर कमेटी आयुष मंत्रालय प्रो.डा. विनोद कुमार जोशी द्रव्यगुन के अंतर्गत औषदीय पौधों से तैयार होने वाली औषधियों उनके रोपण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ठ अतिथि प्रो. डा. सीएसआर प्रभु ने योग और उसके महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर छात्र अभिनव और उनके साथियों ने कालांतर आयुर्वेद पर सशक्त नाट्य प्रस्तुति दी। इसी प्रकार बीएएमएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने आधारणीय वेगों पर प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। छात्रा कीर्ति, छात्र देवांश और अदिति ने मानसिक शांति और स्वास्थ्य पर संभाषणों से विद्यार्थियों को जागरूक किया। छात्रा मुस्कान और उनके साथियों ने राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. मोहनन ने अतिथियों का स्वागत किया।

# ट्रेन संचालन को लेकर रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददता**

**पूरनपुर।** कुमार तनय वैश्य सभा पूरनपुर के साथ आम जनता को होने वाली असुविधाओं को देखते हुए लखनऊ बरेली रेल प्रखंड पर वाया पूरनपुर रेल संचालन व्यवस्थित करने तथा आम यात्रियों के लिए नियमित ट्रेन उपलब्ध करवाने हेतु रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिला. धिकारी को सभा के सदस्यों के साथ दिया सभा सदस्यों में वैश्य सभा के नगर अध्यक्ष डॉ दिनेश गुप्ता संघ के पुराने कार्यकर्ता कैलाश चंद्र गुप्ता बृजेश गुप्ता राइस मिलर हर्ष गुप्ता समाजसेवी रितेश गुप्ता,अर्पित गुप्ता, अंबर गुप्ता, उमंग गुप्ता मिंटू गुप्ता सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

# पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया विश्व फार्मेसी दिवस

**पूरनपुर।** कजरी निरंजन. पुर स्थित पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। विश्व फार्मेसी दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पीलीभीत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा उपस्थित हुए।

पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर सर्टिफिकेट वितरित किए। नेशनल हाईवे 730 पर स्थित विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर बी फार्मा और डी फार्मा के छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देशभक्ति



गीत भी शामिल थे छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी अतिथियों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डॉक्टर रोगी संबंधों के महत्व को दर्शाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत आलोक शर्मा ने छात्रों को मेहनत करने और अपने माता–पिता एवं संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया और बताया इतनी बड़ी संस्था बनाकर चलाना बहुत ही कठिन परिश्रम का काम हैं इसलिए बच्चों खूब मेहनत करो और जब आप कुछ बन जायेंगे तब ही अमित मिश्रा जी की मेहनत सफल होगी और संस्थान का भी नाम रोशन होगा इतनी बड़ी संस्था चलाने के लिए अमित मिश्रा जी को धन्यवाद कहा। कजरी निरं. जनपुर में स्थित इस कॉलेज ने इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी सक्रियता और छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। पंडित राज. ेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने आए हुए मुख्य अतिथि आलोक शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य अतिथियों को धन्यवाद कहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन से काटकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। टनकपुर से पीलीभीत की ओर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से देश नगर निवासी अधेड़ रमेश उर्फ पप्पू की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार मृतक रमेश (45) उर्फ पप्पू फल का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण–पोषण करता था। बुधवार शाम अचानक वह रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और टनकपुर दिशा से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही रमेश की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि रमेश के परिवार में पिछले कुछ समय से कलह चल रही थी। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू झगड़े से परेशान होकर ही उसने यह कदम उठाया। हालांकि इस संबंध में पुलिस गहराई से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने भी बताया कि रमेश काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# विंडीज के खिलाफ टीम इंडिया घोषित

● वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान, 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगा पहला टेस्ट

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में देवदत्त पड्डिकल की वापसी हुई है, जबकि उनके कर्नाटक टीम के साथी करूण नायर को बाहर कर दिया गया है। चोट से उबर रहे ऋषभ पंत की जगह अब रवींद्र जडेजा टीम के उपकप्तान हैं, जबकि नारायण जगदीशन ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह इंग्लैंड दौरे के आखिरी टेस्ट के लिए भारतीय टीम से पहली बार जुड़े थे। शुभमन गिल पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट कप्तानी करेंगे।

इससे पहले उन्होंने इस साल इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर डेब्यू किया था। उनके साथ बुमराह भी टीम में हैं और उन्हें एशिया कप के बाद घरेलू सीरीज के लिए आराम नहीं दिया गया है। बाकी टीम लगभग वैसी ही है, जैसी इंग्लैंड में थी, लेकिन तीसरे स्पिनर की भूमिका के लिए कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। इसी तरह तेज गेंदबाजी में अतिरिक्त विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नहीं चुना गया है। जरूरत पड़ने पर यह भूमिका टीम के अतिरिक्त विकेटकीपर जगदीशन निभा सकते हैं। भारत के अंतिम एकादश की संरचना हालांकि इंग्लैंड की तुलना में काफी अलग दिख सकती है, क्योंकि इस बार तेज गेंदबाजी से ज्यादा स्पिन पर जोर दिया जाएगा और इसके लिए टीम में जडेजा के साथ-साथ कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर के साथ अक्षर पटेल टीम में हैं। बड़े फॉर्मेट में यह अक्षर की वापसी है। तेज गेंदबाजी में भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गए अर्शदीप सिंह, आकाश दीप और अंशुल कंबोज को जगह नहीं मिली है। अंशुल और आकाश अब ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते दिखेंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में एकमात्र विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी का है, जो इंग्लैंड दौरे पर तो गए थे, लेकिन चोट के कारण बीच दौरे से वापस आ गए थे। वह फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में भारत ए टीम का हिस्सा हैं।

शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के बाद बाहर हो गए हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच होंगे। पहला 2 अक्टूबर को अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। यह 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज होगी। भारत का अभियान इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज से शुरू हुआ था, जहां भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ की थी। पांच टेस्ट में उपलब्ध अधिकतम 60 में से 28 अंक हासिल करने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 46.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका उनसे ऊपर हैं, जिनके पास क्रमश: 100 और 66.67 प्रतिशत अंक हैं।



### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम

शुभमन गिल कप्तान, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पड्डिकल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल,नीतीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप और एन जगदीशन



# एशिया कप में भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े

**दुबई, वार्ता।** भारत ने भले ही एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है लेकिन कैच छोड़ना उसके लिए कुछ चिंता की बात है जो आगे चलकर उसके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इस एशिया कप में, भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े हैं, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनकी कैचिंग क्षमता 67.5 प्रतिशत है जो हांगकांग चीन के बाद दूसरे सबसे खराब है। चार कैच वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी पर छूटे हैं। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद साफ शब्दों में कहा कि इस टीम को आने वाले विश्व कप तक एक मिशन के लिए चुना गया है। इसलिए हमें अपनी फील्डिंग में सुधार करना होगा और निश्चित रूप से फील्डिंग कोच के पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। मुझे लगता है कि पिछले मैच में उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के बाद आज के बाद उनके पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। इसके पीछे कई कारण हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आर. अश्विन सिडनी थंडर के साथ जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया है। इस ऐतिहासिक कदम के साथ वह इस प्रतियोगिता में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। डब्ल्यूबीबीएल में भारत की कई महिला खिलाड़ी हिस्सा ले चुकी हैं, लेकिन बीसीसीआई के नियमों के कारण भारतीय पुरुष टीम बैश्विक लीग में भाग नहीं ले सकते। भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद और भारत के पूर्व घरेलू खिलाड़ी निखिल चौधरी, दोनों ने हाल के वर्षों में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेला है, लेकिन चंद अमेरिका के नागरिक हैं, जबकि चौधरी अब ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं और उन्होंने इसी महीने तस्मानिया के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया है।

### अय्यर लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर, भारत ए के कप्तान नियुक्त

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने पीठ में बार-बार होने वाली ऐंठन के कारण छह महीने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूरी बना ली है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने आज पुष्टि की कि पीठ की सर्जरी से उबर रहे अय्यर को ईरानी कप के लिए नहीं चुना गया है, लेकिन वह 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक कानपुर में होने वाले सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कप्तानी करेंगे। बोर्ड ने बताया कि अय्यर ने हालांकि यूनाइटेड किंगडम में सर्जरी के बाद अपनी रिकवरी अच्छी तरह से की है, लेकिन लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें जकड़न और ऐंठन की शिकायत हुई थी।

● बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप ●

# तन्वी, चांगमाई भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे



● तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई अंडर-15 चैंपियन तन्वी पत्री और पूर्व चैंपियन बोर्निल चांगमाई 21-26 अक्टूबर, 2025 तक चीन के चेंगदू में होने वाली बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारतीय दल पिछले दो सफल अभियानों को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा है। भारत ने 2024 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था, और 2023 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था, दोनों संस्करण चेंगदू में आयोजित किए गए थे। भारतीय टीम का चयन हाल ही में संपन्न हुए योनेक्स-सनराइज अश्विनी गुप्ता मेमोरियल अखिल भारतीय सब जूनियर (अंडर-15 और अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 21 सितम्बर, 2025 तक हरियाणा के पंचकुला में आयोजित किया गया था। इसमें कुछ स्थापित सितारों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव, संजय मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की लगातार सफलता हमारे जूनियर विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। इस टीम में कई होनहार खिलाड़ी हैं जो पदक जीतने की क्षमता रखते हैं, जो टीम की गहराई और प्रतिभा को दर्शाता है। इस टीम में, शरयु अंडर-15 की तीनों श्रेणियों में भाग लेंगी।

# BCCI ने फरहान व हारिस रउफ के खिलाफ ICC में शिकायत की





● मामला एशिया कप सुपर-4 के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में रविवार को खेला गया था

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ उनके ऑन-फील्ड हावभाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

यह मामला एशिया कप सुपर फोर के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में पिछले रविवार को खेला गया था। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने बुधवार को ईमेल के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को यह प्राप्त हो चुकी है। अगर फरहान और रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया, तो इस मामले पर आईसीसी की सुनवाई हो सकती है। उन्हें मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है, जो टूर्नामेंट में दूसरे मैच रेफरी हैं, जबकि पहले रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हैं। फरहान का अर्द्धशतक पूरा करने के बाद का जश्न और रऊफ का बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय दर्शकों की ओर इशारा करना, यही दो घटनाएं मानी जा रही हैं, जिन पर बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज कराई है। ये दोनों घटनाएं उस दिन से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने मंगलवार को हारिस के उकसाने वाले इशारों पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हालात की वजह से खिलाड़ियों पर दबाव डाला गया है, उसमें अपने व्यवहार को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है।

मैंने हारिस की कुछ हरकतें देखीं, लेकिन वह हमारे चिंता का विषय नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान पर खुद को किस तरह संभाला। उन्होंने मैदान पर अपने बल्लों से जवाब दिया। हो सकता है कि दूसरी टीमों को हमारी कुछ बातों से दिक्कत रही हो, लेकिन हमारी ओर से हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने खुद को किस तरह संभाला।

# सिनर-इगा का ध्यान चाइना ओपन में बेहतर प्रदर्शन पर





**बीजिंग, वार्ता।** पुरुषों में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और महिलाओं में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बुधवार को चाइना ओपन से पहले अपनी उम्मीदें साझा कीं और बीजिंग में अपने समय और अनुभव का आनंद लेने की उम्मीद जताई। एक महीने पहले यूएस ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से हारने वाले सिनर ने कहा कि एक बार फिर टूर्नामेंट में वापसी करना बहुत अच्छा है।

यूएस ओपन के बाद, शरीर अच्छी स्थिति में है। दिमाग भी। यूएस ओपन के बाद कुछ अच्छा समय बिताया। इतालवी खिलाड़ी का सामना गुरुवार को राउंड ऑफ 32 में क्रोएशिया के दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मारिन सिलिच से होगा। ज्वाहिर है, किसी भी टूर्नामेंट में पहला राउंड कभी आसान नहीं होता। लेकिन हर लिहाज से, मैं फिर से वापसी करके बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि अच्छा टेनिस खेल पाऊंगा। हम खुद को बेहतरीन तरीके से तैयार करने की कोशिश करते हैं। ज़ाहिर है, मैं यहां चीन में फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं, और देखते हैं कैसा रहता है। रविवार को डब्ल्यूटीए 500 कोरिया ओपन में रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6(3), 7-5 से हराने वाली स्वियाटेक ने अपनी जीत पर कहा कि आमतौर पर मैं बस अच्छा महसूस करती हूं और फिर जीत जाती हूं। लेकिन फाइनल की शुरुआत में मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी, और फिर मैं वाकई में स्थिति बदल सकती थी। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट की यही सबसे अच्छी बात है। वर्तमान में दूसरे स्थान पर काबिज़ स्वियाटेक अभी भी आर्यना सबालेंका से 2,700 से ज्यादा अंकों से पीछे हैं। हालांकि, सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हट गई थीं। पोलिश स्टार ने जोर देकर कहा कि रैंकिंग उनकी प्राथमिकता नहीं है। स्वियाटेक ने कहा कि मैं पहले से ही जानती हूं कि रैंकिंग के बारे में सोचना कोई मायने नहीं रखता, चाहे आप नंबर 2 हों या नंबर 1। यह बस संख्याओं की बात है।

### मुलर ने खाचानोव को हराया, वांग शियायू ने मुख्य ड्रॉ में पहली जीत दर्ज की

**बीजिंग, वार्ता।** फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने चाइना ओपन में बड़ा उलटफेर कर एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष एकल के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को हरा दिया। यहां नेशनल टेनिस सेंटर के डायमंड कोर्ट पर बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुलर ने खाचानोव को दो घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराया। मैच की शुरुआत में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में 4-2 की बढ़त गंवा दी, जबकि मुलर ने अगले छह में से पांच अंक हासिल कर निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया। अंतिम सेट में फ्रांसीसी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, लेकिन नौवें गेम में फिर से अटैक किया और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दो घंटे 37 मिनट में जीत पक्की कर ली।

# लीसा काइटली बनी मुंबई इंडियंस महिला टीम की मुख्य कोच

● अपने शानदार खेल करियर और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ लीसा एमआई टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा काइटली को आज अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। 1997 और 2005 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहीं काइटली महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। अपने शानदार खेल करियर और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ, वह मुंबई इंडियंस टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी।

मुंबई इंडियंस महिला टीम पहले से ही डब्ल्यूपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने केवल तीन सीज़न में दो चैंपियनशिप जीती हैं। 2023 और 2025 में वह डब्ल्यूपीएल विजेता रही है। इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए नीता एम- अंबानी ने कहा कि हमें मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा काइटली का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। लीसा ने अपने जुनून से क्रिकेट की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका आगमन मुंबई इंडियंस के लिए एक रोमांचक व नया अध्याय है क्योंकि हम और ऊंचा उड़ने के लिए तैयार हैं। लीसा काइटली ने कहा कि मुंबई इंडियंस में शामिल होना सम्मान की बात है, एक ऐसी टीम जिसने डब्ल्यूपीएल में कई मानक स्थापित किए हैं। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं ताकि हम अपनी सफलता को और आगे बढ़ा सकें और मैदान के अंदर और बाहर नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहें। काइटली, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों महिला टीमों की कोच रही हैं। वह इंग्लैंड की पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला थीं। उन्होंने डब्ल्यूबीबीएल, द हंड्रेड और डब्ल्यूपीएल में फ्रेंचाइजी कोचिंग का भी अनुभव है, और हाल ही में उन्होंने पिछले महीने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को महिला खिताब जितवाया था।

### भारतीय निशानेबाजों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने गुरुवार को डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में तीनों पोडियम स्थान हासिल कर आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 के अपने नए चरण के अभियान की शानदार शुरुआत की। पुरुष टीम इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक से चूक गई, लेकिन रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत ने सीजन के दूसरे जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप में पदक तालिका में शुरुआती बढ़त बना ली। अनुष्का ठाकुर ने महिलाओं की 50 मीटर प्रोन राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 621.6 अंकों के साथ स्वर्ण, हमवतन अंशिका ने 619.2 अंकों के साथ रजत और आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग की स्पर्धा में, भारत के दीपेंद्र ने 617.9 अंक बनाए व कामिल नूरिया से स्वर्ण पदक चूक गए।

### 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए पहली बार 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन किया जायेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से दो अक्टूबर) के हिस्से के रूप में 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर विकसित भारत रन-2025 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने हेतु यह अनूठी वैश्विक पहल पहली बार शुरू की जा रही है। 'रन टू सर्व द नेशन' टैगलाइन के साथ, विकसित भारत रन, विश्वभर के प्रतिष्ठित और सुगम स्थानों पर तीन से पांच किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अधिकांश दौड़ें 28 सितम्बर, 2025 को आयोजित होंगी। इस दौड़ में मैक्सिको सिटी के एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज और विश्वभर के कई अन्य प्रतिष्ठित स्थानों और प्रसिद्ध स्मारकों को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हो सके। विकसित भारत रन-2025 भारत की सबसे बड़ी वैश्विक आउटरीच पहलों में से एक बनकर उभरेगी। यह न केवल एक फिटनेस और सामुदायिक गतिविधि है, बल्कि भारत के सेवा भाव, स्थिरता और समावेशिता के मूल्यों का एक वैश्विक उत्सव भी है। इसका उद्देश्य भारत और उसके प्रवासी समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

# भारतीय क्रिकेट के नए सिक्सर किंग 'अभिषेक'

● जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर (99) और यूएई के वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं



**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। अभिषेक ने अभी सिर्फ़ 21 टी-20 खेले हैं, लेकिन वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा ने कुल 58 छक्के लगाए हैं। वह पहले ही भारत के लिए पुरुष टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं। पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में संजू सैमसन दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 37 छक्के हैं। अभिषेक ने इस फॉर्मेट में 6.83 गेंदों में एक छक्का लगाया है, जो पुरुष टी-20 में 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा औसत है। जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो का सबसे अच्छा औसत है, जो हर 6.61 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं। अभिषेक का गेंद-प्रति-छक्का औसत पूर्णकालिक देशों में सबसे अच्छा है, जहां आंद्रे रसेल (7.21) दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक हर पारी में 2.76 छक्के लगाते हैं, जो 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा है। करणबीर सिंह उनसे आगे हैं, जिन्होंने 36 पारियों में 113 छक्के लगाए और उनका औसत 3.14 है। अभिषेक के बाद एविन लुईस (2.13) पूर्णकालिक देशों से एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनके नाम प्रति पारी में दो या उससे ज्यादा छक्के हैं। एक टी-20 में अभिषेक ने पांच या उससे ज्यादा छक्के छह पारियों में लगाए हैं, जिसमें बुधवार को एशिया कप बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी शामिल है। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ़ रोहित शर्मा (13) और सूर्यकुमार यादव (9) ने अभिषेक से ज्यादा बार एक टी-20 में पांच या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों में 32 छक्के लगाए हैं। पुरुष टी-20 की शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ़ तीन भारतीय बल्लेबाज उनसे ज्यादा छक्के लगा पाए हैं। अभिषेक ने 23 छक्के बीच के ओवरों (7.16) में और तीन छक्के आखिरी ओवरों (17.20) में लगाए हैं। अभिषेक ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 246 गेंदों पर 33 छक्के लगाए हैं।

### ईरानी कप में पाटीदार होंगे कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज रजत पाटीदार ईरानी कप में शेष भारत की टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उनके उपकप्तान होंगे। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन और आकाश दीप शामिल हैं-दोनों ही भारत के हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे का हिस्सा थे-और मैनचेस्टर टेस्ट में पदार्पण करने वाले अंशुल कंबोज भी शामिल हैं। उनके शामिल होने से स्पष्ट है कि वे 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शेष भारत टीम (ईरानी कप): रजत पाटीदार (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेट कीपर), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेट कीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन।

### लियोनल मेसी के 'डबल' से इंटर मियामी की प्लेऑफ में जगह पक्की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** लियोनल मेसी ने दो गोल दागे और एक और गोल की नींव रखी जिससे इंटर मियामी ने बुधवार को न्यूयॉर्क सिटी को 4-0 से हराकर एमएलएस प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। हाफटाइम से ठीक पहले, बाल्टासर ने मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर दौड़कर गोल किया और शांति से शॉट को निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सर्जियो के डिफेंस को चकनाचूर कर देने वाले पास पर मेसी ने गोलकीपर मैट फ्रीज के ऊपर से एक चतुराईपूर्ण शॉट लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद, जस्टिन हाक द्वारा रोड्रिगो डी पॉल को गिराए जाने के बाद सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदला।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025

## सोनिया की नसीहत

भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरती रही है। गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अखबार में लिखे एक लेख के माध्यम से सरकार को विदेश नीति को लेकर फिर से घेरा है। विशेषकर फलस्तीन को लेकर। सोनिया गांधी का कहना है कि केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। मोदी सरकार को जहां इस पूरे मामले में नेतृत्व करना चाहिए था, वहीं सरकार का रवैया पूरी तरह मौन धारण करने का है। अपने लेख में उन्होंने बेबाक तरीके से यह भी कह डाला कि व्यक्तिगत संबंधों का विदेश नीति में कोई स्थान नहीं होता, लेकिन यहां ऐसा ही दिखाई दे रहा है। सरकार का रुख देश के संविधानिक मूल्यों के बजाए मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके बेंजामिन नेतन्याहू के बीच दोस्ती से प्रेरित लगता है। बात सही भी है। फलस्तीन को लेकर भारत की नीति हमेशा स्पष्ट रही है। सच तो यह है कि भारत ही वह पहला देश था जिसने फलस्तीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। भारत दशकों पूर्व फलस्तीन को मान्यता दे चुका है। उसने 18 नवंबर 1988 को विधिवत रूप से आजाद देश की मान्यता दी थी। वह इस संदर्भ में यह सब कह रही हैं कि आज फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया जैसे देश फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आज जब 193 सदस्य देशो मे से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है तो इसमें भारत कहां है। जबकि भारत की भूमिका इसमें अग्रणी होनी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने भारत सरकार पर यह कहकर भी आरोप लगाया कि व्यक्तिगत कूटनीति स्थायी नहीं हो सकती। इस संदर्भ में उन्होंने अमेरिका का हवाला भी दिया किस तरह भारत अमेरिका के मामले में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल रहा है। सोनिया गांधी ही नहीं, अन्य बड़े नेता भी जो विदेश नीति के अच्छे जानकार हैं। वे इजरायल फलस्तीन को लेकर जो मौजूदा सरकार का रवैया है उससे जरा भी खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं। समझना मुश्किल है कि आखिर भारत का झुकाव इजरायल के प्रति विशेष रूप से क्यों हो रहा है। जबकि सबसे ज्यादा हित हमारे मध्य पूर्व के देशों के साथ जुड़े हैं। यह ठीक है कि मोदी सरकार ने समय-समय पर मध्य पूर्व के देशों के साथ भी गर्मजोशी का इजहार किया है और उनसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किया है, लेकिन धरातल पर वह रवैया दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी आवश्यकता है। यह देखकर तो तब और भी आश्चर्य होता है जब अब तक इजरायल का समर्थन करते आ रहे देश भी अब इजरायल से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। कई यूरा. `पीय देशों ने तो अपनी सरकार के विरुद्ध ही फलस्तीन की आजादी को लेकर भारी प्रदर्शन किए हैं और वह जारी हैं। इटली में ही हमने हाल ही में देखा कि किस तरह जोरदार प्रदर्शन हुए। इस बात को कोई भी समझ सकता है जिस तरह इजरायल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 65 हजार से अधिक लोगों की जान ले चुका है। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। ऐसी सरकार का भला कौन बचाव कर सकता है। यही यूरोपीय देशों में देखने में आ रहा है। अब सवाल है कि क्या मोदी सरकार अपनी नीति में बदलाव करेगी।

### विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए



इजरायल-फलस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है, सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है, यह सब भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है, इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है, विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, दुनिया जब फलस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजरायल के साथ निवेश समझौता किया और उसके दक्षिणपंथी मंत्री की मेजबानी भी की, जिसकी आलोचना पूरी दुनिया में हो रही है।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

## फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी



फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर फलस्तीन को राज्य का दर्जा देने को मान्यता दी है। यह लंबे समय से पीड़ित फलस्तीनी जनता की वैध आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में पहला कदम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने यह कदम पहले ही उठा लिया है। भारत ने इस मामले में बहुत पहले ही नेतृत्व दिखाया था, जब उसने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीन राज्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह कदम फलस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों तक समर्थन देने के बाद उठाया गया था। भारत का यह निर्णय हमारे विश्व दृष्टिकोण के अनुरूप था।

### अतीत में बुलंद आवाज

स्वतंत्रता से पहले भी भारत ने नस्लीय भेदभाव वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आवाज उठाई थी और उसके साथ व्यापारिक संबंध तोड़ दिए थे। अल्जीरिया की स्वतंत्रता की लड़ाई (1954-62) के दौरान भारत स्वतंत्र अल्जीरिया का मजबूत समर्थक था। 1971 में भारत ने आधुनिक बांग्लादेश बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार को रोका था। वियतनाम युद्ध के दौरान भारत ने नैतिक स्पष्टता की आवाज उठाई और वियतनामी जनता के खिलाफ अमानवीय हिंसा का विरोध किया। आज भी भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बलों में बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। भारत की विदेश नीति में शांति और सुरक्षा का संवर्धन संविधान में निहित निदेशक सिद्धांतों में से एक है। इजरायल-फलस्तीन के संवेदनशील मुद्दे पर भारत ने हमेशा संतुलित परंतु सैद्धांतिक रुख अपनाया है। मानवाधिकारों की रक्षा और शांति की स्थापना के लिए भारत प्रतिबद्ध रहा है। भारत पीएलओ को मान्यता देने वाला शुरुआती देशों में से था और 1974 में फलस्तीन के अधिकारों का समर्थन किया। भारत ने दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो। भारत ने अनेक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों में इजरायल के कब्जे और बस्तियों के विस्तार की निंदा की। साथ ही फलस्तीन को मानवीय और विकास संबंधी सहायता भी दी, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, गाजा और वेस्ट बैंक में क्षमता-विकास।

### भारत की मौजूदा स्थिति

पिछले दो वर्षों में, विशेषकर अक्टूबर 2023 में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद, भारत ने अपनी भूमिका पीछे खींच ली है। हमास के हमलों और उसके बाद इजरायल की भारी सैन्य प्रतिक्रिया में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए और यह स्थिति नरसंहार जैसी बन गई। 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं।

गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। कृषि और उद्योग ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों को भोजन, दवा और अन्य जरूरी चीजों से वंचित कर दिया गया है। यह सब उन्हें एक प्रकार की ष्भूख से मारनेष की नीति के तहत किया जा रहा है। इन क्रूर परिस्थितियों में लाखों लोग विस्थापित और निराशा में डूबे हैं। फिर भी, भारत की प्रतिक्रिया असमंजस और निष्क्रियता की रही है। हाल ही में नई दिल्ली में इजरायली वित्त मंत्री की मेजबानी की गई, जबकि उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन किया था। यह भारत की ऐतिहासिक भूमिका और नैतिक स्थिति से भटकाव है।

### आगे की राह

भारत को फलस्तीन मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फलस्तीनी जनता लंबे समय से विस्थापन, कब्जा, भूमि की लूट और लगातार मानवाधिकार उल्लंघन झेल रही है। वे आत्मनिर्णय और न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत के ऐतिहासिक अनुभव, नैतिक अधिकार और मानवीय मूल्यों को देखते



सोनिया गांधी

हुए भारत को बिना झिझक फलस्तीन के पक्ष में आवाज उठानी चाहिए। यह केवल इजरायल और फलस्तीन का संघर्ष नहीं है, बल्कि न्याय और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक लड़ाई है। भारत की नेतृत्व क्षमता को उसी मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए, जिनसे हमारी आजादी की लड़ाई और राष्ट्र का निर्माण हुआ था।

**( लेखक इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**

## बेंगलुरु में फैमिली संग मनाएं वीकेंड

**इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जब सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ एक्स्ट्रा टाइम बिता सकते हैं।**

बेंगलुरु में वीकेंड पर कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। इन जगहों पर रविवार को अच्छी खासी चहल-पहल होती है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं। बारिश के मौसम में इन जगहों का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। ऐसे में इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।



**उल्सूर झील**

उल्सूर झील एमजी रोड के पास है। यह झील मात्र 2 किमी की दूरी पर है और यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 10 मिनट का समय लगेगा। यह झील सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

उल्सूर झील पुरानी और खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील 50 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैली है। बारिश के मौसम में यहां पर लोगों को आना अधिक पसंद होता है, क्योंकि इस दौरान यहां पर हरा-भरा वातावरण और बोटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह बैंगलुरु के पास बेस्ट कपल स्पॉट माना जाता है।

**वीआर बेंगलुरु मॉल**

आप संडे का समय बिताने के लिए बेंगलुरु के वी आर बेंगलुरु मॉल भी जा सकते हैं। इस मॉल को शहर का सबसे बेस्ट और मॉर्डन मॉल्स में से एक माना जाता है। यहां पर पूरे सप्ताह लोगों की भीड़ होती है। रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल होती है।

प्रीमियम सुविधाओं और बेहतरीन ब्रांड्स के अलावा आपको मॉल के बाहर तरह-तरह के स्टॉल्स देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप सस्ते में खाने-पीने का सामान ले सकती हैं। फ्रेंड्स, फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह फेवरेट हैंगआउट स्पॉट है। इस मॉल में बैठने की अच्छी जगह है और आप यहां पर समय बिता सकती हैं। वी आर बेंगलुरु मॉल सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक खुला रहता है। यह मॉल व्हाइटफील्ड मेन रोड, देवसंद्रा इंडस्ट्रियल एस्टेट, महादेवपुर, बेंगलुरु में है।

**लालबाग बॉटनिकल गार्डन**

बता दें कि यह जगह परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी मानी जाती है। यही वजह है कि रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं लालबाग बॉटनिकल गार्डन में साल में 2 बार फूलों की भव्य प्रदर्शनी भी लगती है। वहीं 26 जनवरी और 15 अगस्त को यहां पर सबसे ज्यादा लोग आते हैं। यह गार्डन मावली बेंगलुरु में है। यह गार्डन सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक खुला रहता है और यह बेंगलुरु की रोमांटिक जगहों में से एक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे पर विशेष**

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदाई हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।

चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यरू हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए



पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' आईएफईएच द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली इंडोनेशिया में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर



योगेश कुमार गोयल

चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक ही दिन में तीन घटनाओं से भड़के ट्रम्प

## संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग की, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी



■ ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की

■ ट्रम्प ने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार साउंड सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग ईयरपीस के जरिए अनुवादित भाषण सुन सकें।

संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि सुरक्षा तंत्र शायद ट्रम्प के वीडियोग्राफर की वजह से सक्रिय हुआ होगा, जो एस्केलेटर पर पीछे की ओर चल रहा था, जबकि टेलीप्रॉम्प्टर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का था। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र भेजकर तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि कल संयुक्त राष्ट्र में एक बहुत ही शर्मनाक घटना घटी-एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन बेहद भयावह घटनाएं! यह महज संयोग नहीं था। यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरी तोड़फोड़ थी। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। ऐसा लिखते हुए ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र को आलोचनाओं से थोप दिया। उन्होंने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग कीं। उन्होंने 'टाइम्स' के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने एस्केलेटर बंद करके उनका मजाक बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से तोड़फोड़ थी। एस्केलेटर पर लगे सभी सुरक्षा टेप, खासकर आपातकालीन स्टॉप बटन सुरक्षित रखे जाने चाहिए, जिसमें गोपनीय सेवाएं भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्टज ने भी राष्ट्रपति की मांग से पूरी सहमति जताते हुए उनके आह्वान को दो. हराते हुए कहा कि ये घटनाएं 'अस्वीकार्य' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सुरक्षा या सम्मान के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम त्वरित सहयोग और निर्णायक कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को चिंता जताई कि किसी ने जानबूझकर एस्केलेटर रोक दिया होगा। घटना के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर संयुक्त राष्ट्र में किसी ने जानबूझकर राष्ट्रपति और प्रथम महिला के एस्केलेटर पर कदम रखते ही उसे रोक दिया है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए और उनकी जांच की जानी चाहिए। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रम्प के वीडियोग्राफर ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का वीडियो बनाते समय गलती से सुरक्षा फंक्शन चालू कर दिया होगा।

## ट्रम्प प्रशासन बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के बजट कार्यालय ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने संभावित छंटनी की योजनाएं तैयार करने को कहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह कदम पिछली सरक. ारों के लागू किए गए शटडाउन प्रबंधन तरीकों से बिल्कुल अलग है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे धन आवंटन विवाद के बीच एक बड़ा दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट कार्यालय के मेमो में लिखा गया है कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस के डेमोक्रेट्स शटडाउन को मजबूर नहीं करेंगे और ऊपर बताए गए कदम आवश्यक नहीं होंगे। संसदीय डेमोक्रेट्स सरकारी फंडिंग को नवम्बर तक जारी रखने के बदले कई रियायतें चाहते हैं। इनमें सबसे अहम मांग है कि अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को बढ़ाया जाए, जो इस साल के अंत में खत्म होने वाली है।



**अहमदाबाद। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।**

## इजरायली हमलों में 80 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में हुए इजरायली गोलीबारी में 80 से अधिक फलस्तीनी मारे गए जिनमें से अधिकांश गाजा शहर में मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने स्थानीय अस्पतालों के हवाले से दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गाजा शहर के मध्य दाराज में फिरास बाजार के निकट विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाली एक इमारत और तंबुओं पर बुधवार रात में हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दो हमास लड़ाकों पर हमला किया और हताहतों की संख्या उसकी अपनी जानकारी से मेल नहीं खाती। इस बीच, इजरायली टैंक और सैनिक शहर के मध्य भाग में आगे बढ़ते रहे जिसे इजरायल हमास का अंतिम गढ़ मानता है। सेना ने कहा कि जमीनी हमले का उद्देश्य हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना तथा फलस्तीनी सशस्त्र समूह की 'निर्णायक हार' सुनिश्चित करना है। एक अलग घटनाक्रम में, अमे. रिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अरब और मुस्लिम नेताओं के एक समूह के समक्ष मध्य पूर्व और गाजा में शांति के लिए 21 सूत्री योजना प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन-सीरिया ने टूटे राजनयिक संबंधों को किया बहाल

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन के वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने यूक्रेन और सीरिया के बीच राजनयिक संबंधों के पुनर्निर्माण के दौरान सहयोग और आपसी सम्मान पर चर्चा की। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद कहा कि यूक्रेन और सीरिया ने औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर लिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को न्यूयॉर्क में बैठक में शामिल हुए।

### आव्रजन छापों के लिए मैक्सिको ने अमेरिका की आलोचना की

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवा. धिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए।

### ईरान-रूस छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का निर्माण करेंगे

**तेहरान।** ईरान और रूस ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत रूस यहां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरका निर्माण करेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार संगठन प्रमुख मोहम्मद एस्लामी और रूस के परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव के बीच मॉस्को में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बयान में कहा गया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय विनियम और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के अनुपालन में सतत विकास में बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

## भारतीय मूल के शख्स ने की यौन अपराधी की हत्या

■ बोला: कोई पछतावा नहीं, वो इसी के लायक था

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 29 वर्षीय भारतीय मूल के वरुण सुरेश ने एक यौन अपराधी की चाकू मारकर हत्या कर दी। फ्रेमान्ट पुलिस ने इसे जानबूझकर किया जुर्म बताया। पुलिस के मुताबिक 18 सितम्बर को दो लोगों के बीच झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां 71 साल का डेविड ब्रिमर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस और मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ब्रिमर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुआ और संदिग्ध सुरेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सुरेश ने कैलिफोर्निया की मेगन ला वेबसाइट पर यौन अपराधियों की लिस्ट देखकर ब्रिमर को निशाना बनाया। ब्रिमर को 1995 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इसके लिए उसने नौ साल जेल की सजा काटी थी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से ब्रिमर को सजा देने की योजना बना रहा था, क्योंकि उसका मानना था कि ऐसे लोग बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें जीने का हक नहीं है, वो इसे के लायक था।

पुलिस के अनुसार, हत्या से ठीक एक घंटे पहले सुरेश ने मेगन ला वेबसाइट पर ब्रिमर की जानकारी देखी और उनके प्रोफाइल का स्क्रीनशाट लिया। उसने खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर एक बैग और नोटबुक के साथ ब्रिमर के घर पहुंचा ताकि उसका भरोसा जीत सके। ब्रिमर की पहचान करने के बाद सुरेश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसे कोई पछतावा महसूस नहीं हो रहा है।

## रूस-अमेरिका यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एकराय

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन संकट पर शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए साझा रूचि दिखाई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि दोनों प्रमुख मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वें उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई है जिसमें इस बात पर सहमति बनी है। लावरोव ने अलास्का में हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय रास्ते पर चलने की रूस की तत्परता को दोहराया, जिसमें संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के लिए वाशिंगटन के साथ समन्वय करना भी शामिल है। उन्होंने कीव और कुछ यूरोपीय राजधानियों के उन प्रस्तावों का विरोध किया, जिन्हें उन्होंने युद्ध को और लंबा खींचने वाला बताया है।

## भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं: अमेरिका

### हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म करना मकसद

■ अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे, भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है: राइट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निक. ालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी



तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा आयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक 2022-23 में इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था। 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया।

## पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

### सिलेबस में भारत के 26 ठिकाने तबाह करने का दावा



■ लिखा: भारत ने आरोप लगाकर हमला किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया।

पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। पाकिस्तानी किताब में दावे है कि भारत ने जंग शुरू की-भारत ने गलत तरीके से पाकिस्तान को कश्मीर के पहलगाम हमले का जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कई लोग मारे गए। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया। फिर भी, भारत ने 7 मई को हमला किया। हकीकत यह है कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तानी सेना ने बहादुरी और पेशेवर अंदाज में जवाब दिया। पाकिस्तान ने 4 राफेल जेट गिरा दिए और भारतीय कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया।

## अनियंत्रित उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नई रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

## पाक की संयुक्त राष्ट्र में फिर किरकिरी

### एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाक के रक्षा मंत्री

■ सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोल रहे थे।

इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है। इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा।

## अभी भारत व बांग्लादेश के बीच समस्याएं: यूनुस

### मुख्य सलाहकार ने कहा: वो हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैलाते और मुझे तालिबानी की तरह दिखाते हैं



■ यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या का जिम्मेदार बताया

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को न्यूयार्क में कहा कि अभी भारत और बांग्लादेश के बीच समस्याएं हैं, क्योंकि उन्हें छात्रों का काम पसंद नहीं आया। इसके अलावा वो पूर्व पीएम शेख हसीना की मेजबानी भी कर रहे हैं, जो हमारे देश में कई तरह के समस्याओं की कारण हैं।

यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या की जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इसी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध अगस्त 2024 से खराब होना शुरू हुए, जब हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं। दरअसल, नौकरी कोटे में भेदभाव के बाद स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। यूनुस ने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ फेक न्यूज फैलाने का भी आरोप लगाया। यूनुस ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (एसएएआरसी) के बारे में बताते हुए कहा कि, एसएएआरसी का असल मतलब है, कि आप हमारे देश में इन्वेस्ट करे और हम आपके टेरिटरी में इन्वेस्ट करेंगे। एसएएआरसी ऐसे ही काम करता है। हम एक-दूसरे से बिजनेस के तौर पर जुड़े है। नेपाल अपने समुद्र के रास्ते से सामान इम्पोर्ट करता है, जिससे हम सभी को फायदा होता है। उन्होंने आगे कहाएसएएआरसी में हम सभी फैमिली की तरह हैं। एसएएआरसी का पूरा आइडिया ही बांग्लादेश की देन है, हमने इसे साउथ एशियन देशों में प्रमोट किया है। अब आप हमे इसका दुश्मन मान रहे हैं। यूनुस बोले कि एसएएआरसी में जितने भी देश हैं, वो एक दूसरे देश में घूमने जा सकते हैं, दोस्त बना सकते हैं, उन देशों के स्कूलों-कालेजों में पढ़ सकते हैं, बिजनेस कर सकते हैं। यहीं इसका पूरा आइडिया है। उन्होंने कहा कि ये 'एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता' इसके लिए मुझे बुरा लगता है।

## प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में बाइडन की जगह लगा 'पेन' का फोटो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन का चित्र नहीं लगाया गया है। इस निवास के वेस्ट विंग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रम्प तक के हैं। लेकिन ट्रम्प के ठीक पूर्ववर्ती बाइडन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडन केवल दस्तखत करते थे।

